

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 116 | सोमवार, 08 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### ओमेक्स समूह पर ईडी ने सख्त किया शिकंजा

**लखनऊ।** निवेशकों का पैसा लेकर दूसरी परियोजनाओं में लगा देने के मामले में ईडी ने ओमेक्स समूह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को ईडी नोएडा अथॉरिटी पहुंची। यहां परियोजनाओं से संबंधित दस्तावेज का ईडी ने ब्यौरा मांगा है। ईडी ने भूखंड आवंटन को लेकर ओमेक्स प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी पत्रावलियां का सिजरा तलब किया है। नोएडा विकास प्राधिकरण इसको लेकर अब ग्रुप हाउसिंग, नियोजन, लीगल और लेखा विभाग से दस्तावेज तैयार करवा रहा है। अथॉरिटी की ओर से जल्द ही ईडी को विस्तृत जानकारी मुहैया कराई जाएगी।

### कांग्रेस का अजा विभाग 20 जुलाई को करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति विभागों ने शनिवार को फैसला किया कि वे अल्पसंख्यकों और दलितों के साथ होने वाले उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ संयुक्त रूप से देशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। इसी क्रम में वे 20 जुलाई को दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेंगे। पार्टी के अजा विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने दोनों विभागों की संयुक्त बैठक के बाद इस कार्यक्रम की जानकारी दी।

### होटल आग: रसोइया दो दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली के उस होटल के रसोइये को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया जहां तीन दिन पहले आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह दिल्ली पुलिस की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे जिसमें रसोइये केशव नेगी से दो दिन तक पूछताछ करने का अनुरोध किया गया था और उन्होंने याचिका को स्वीकार कर लिया।

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र का सम्मेलन 8 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आठ जून को चंडीगढ़ में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन द्वितीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय के अनुसार, हरियाणा विधानसभा में आयोजित होने वाले इस सम्मलेन में राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष, हरविंदर कल्याण और कई अन्य लोग शामिल होंगे।

# घरेलू गैस सिलेंडर फिर हुआ महंगा, 29 रुपये की बढ़ोतरी से आम जनता पर बढ़ा बोझ

**>> पश्चिम एशिया संकट का असर जारी**

**>> मार्च के बाद दूसरी बार बढ़े दाम**

**>> दिल्ली में सिलेंडर 942 रुपये का हुआ**



■ नई दिल्ली

महंगाई से जूझ रहे आम उपभोक्ताओं को एक और बड़ा झटका लगा है। केंद्र सरकार के अधीन तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें 7 जून 2026 से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा कीमतों में आई तेजी के कारण मार्च के बाद यह दूसरी बड़ी मूल्य वृद्धि है। इससे पहले 7 मार्च को घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि गैस की बढ़ी हुई कीमतों का सीधा असर देश के करोड़ों परिवारों के मासिक बजट पर पड़ेगा। पहले से ही खाद्य पदार्थों, बिजली और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से परेशान उपभोक्ताओं के लिए यह निर्णय आर्थिक दबाव बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। घरेलू उपभोक्ताओं को झटका देने वाली इस बढ़ोतरी के बीच राहत की बात यह है कि 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में वाणिज्यिक सिलेंडरों की कीमतों में भी कई बार संशोधन किया जा चुका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार विभिन्न चरणों में वाणिज्यिक सिलेंडरों की कीमतों में कुल 1,345 रुपये प्रति सिलेंडर तक की वृद्धि दर्ज की गई है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री ऊर्जा मार्गों में शामिल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रभावित हुआ। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और लगभग 54 प्रतिशत आयातित एलपीजी इसी मार्ग से होकर देश तक पहुंचती है।

### देश के प्रमुख शहरों में नई कीमतें लागू

नई दरों के अनुसार विभिन्न महानगरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। दिल्ली में सिलेंडर 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गया है। मुंबई में इसकी कीमत 912.50 रुपये से बढ़कर 941.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में उपभोक्ताओं को अब 968 रुपये चुकाने होंगे, जबकि पहले यह 939 रुपये था। चेन्नई में गैस सिलेंडर की कीमत 928.50 रुपये से बढ़कर 957.50 रुपये हो गई है। वहीं हैदराबाद में घरेलू सिलेंडर अब 994 रुपये का हो गया है, जो देश के बड़े शहरों में सबसे अधिक कीमतों में से एक है। इन नई कीमतों के लागू होने के बाद कई राज्यों में घरेलू बजट पर इसका असर महसूस किया जाने लगा है।

### मार्च से अब तक 89 रुपये महंगा हुआ घरेलू सिलेंडर

रविवार को हुई 29 रुपये की नई वृद्धि के बाद मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी सिलेंडर कुल 89 रुपये महंगा हो चुका है। 7 मार्च को तेल कंपनियों ने प्रति सिलेंडर 60 रुपये की बढ़ोतरी की थी। उस समय भी पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल व गैस की कीमतों में उछाल को इसका प्रमुख कारण बताया गया था। अब लगातार दूसरी बार हुई बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ना तय माना जा रहा है। देश के कई हिस्सों में घरेलू गैस पहले ही हजार रुपये के करीब पहुंच चुकी है, जबकि कुछ महानगरों में नई कीमतें 950 रुपये से भी अधिक हो गई हैं।

### पश्चिम एशिया संकट बना मुख्य वजह

सरकार और तेल कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर लगातार पड़ रहा है। फरवरी के अंत में शुरू हुए क्षेत्रीय तनाव के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी और अन्य ऊर्जा उत्पादों की कीमतों में लगातार वृद्धि देखी गई है।

# यूपी में हीटवेव बढ़ा सकती है लोगों की परेशानी, 9 जून से लू का अलर्ट

**>> लोगों को झेलनी पड़ी सकती है गर्मी की मार**

**>> यूपी में 11 जून के बाद होगी बारिश**



■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम लगातार करवट ले रहा है। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं बारिश, तो कहीं भीषण गर्मी देखने को मिल रही है। अब मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सात जून को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क और शांत रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यूपी में 9 जून से हीटवेव चलने का भी अनुमान लगाया है, जिससे लोगों को गर्मी की मार झेलनी पड़ी सकती है।

उत्तर प्रदेश के कानपुर, मेरठ, वाराणसी, आगरा, मथुरा, अयोध्या गाजियाबाद, लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर समेत कई जिलों में मौसम साफ रहेगा। प्रदेश में अगले कुछ दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है। पिछले कुछ दिनों से बारिश के चलते मौसम सुहाना होने के बाद लोगों को अब गर्मी परेशान कर सकती है। मौसम विभाग ने सात जून के बाद पहले भीषण लू और फिर तेज आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है।

### प्रदेश में 9 जून से हीटवेव का अलर्ट

शुक्रवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान वाराणसी में 42.2 नग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में सात और आठ जून के लिए कोई चेतावनी नहीं जारी की है। वहीं, 9 जून से प्रदेश में हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही 11 जून के बाद से प्रदेश भर में बारिश से मौसम एक बार फिर सुहाना हो सकता है।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि सात जून से दस जून तक प्रदेश में मौसम शांत और शुष्क रहेगा। इससे तापमान में बढ़ोत्तरी और लू से लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। वहीं, 11 जून से मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी यूपी में गरज के साथ बारिश का अनुमान लगाया है। शनिवार को लखनऊ में मौसम साफ रहा और तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी देखने को मिली।

# यूपी टीजीटी उत्तर कुंजी जारी, अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने का मौका




### वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई प्रोविजनल आंसर-की

आयोग ने उत्तर कुंजी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। अभ्यर्थी अपने विषय के अनुसार उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकते हैं और परीक्षा में दिए गए उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। प्रोविजनल उत्तर कुंजी जारी करने का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अभ्यर्थियों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर देना है। इससे अंतिम परिणाम जारी होने से पहले संभावित त्रुटियों को सुधारा जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कुंजी जारी होने के बाद उम्मीदवार अपने संभावित अंकों का सटीक अनुमान लगा सकते हैं और आगामी चयन प्रक्रिया के लिए तैयारी शुरू कर सकते हैं।

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2026 की प्रोविजनल उत्तर कुंजी जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए लाखों अभ्यर्थी अब आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजी देख सकते हैं और अपने उत्तरों का मिलान कर संभावित अंक का आकलन कर सकते हैं। आयोग ने उत्तर कुंजी के साथ आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति है तो वह निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाण सहित अपना पक्ष आयोग के समक्ष रख सकता है। प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित यह परीक्षा लंबे समय से अभ्यर्थियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई थी। उत्तर कुंजी जारी होने के साथ ही अब परिणाम को लेकर भी उम्मीदवारों की उत्सुकता बढ़ गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में किसी प्रश्न या उत्तर को लेकर आपत्ति है तो वह निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके लिए अभ्यर्थियों को संबंधित प्रश्न के समर्थन में प्रमाण या प्रामाणिक स्रोत प्रस्तुत करना होगा। बिना प्रमाण के दर्ज की गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आयोग द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों की समिति के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। यदि किसी आपत्ति को सही पाया जाता है तो अंतिम उत्तर कुंजी में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। प्रोविजनल उत्तर कुंजी पर प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण करने के बाद आयोग अंतिम उत्तर कुंजी जारी करेगा। यही अंतिम उत्तर कुंजी परिणाम तैयार करने का आधार बनेगी। आयोग का कहना है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी जारी होने के बाद उसी के आधार पर अभ्यर्थियों के प्राप्तांक निर्धारित किए जाएंगे।

### 3 और 4 जून को आयोजित हुई थी परीक्षा

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा टीजीटी परीक्षा का आयोजन 3 और 4 जून 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। परीक्षा ऑफलाइन माध्यम से संपन्न कराई गई थी। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। आयोग ने परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए व्यापक व्यवस्था की थी ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो सके। परीक्षा समाप्त होने के बाद से ही अभ्यर्थी उत्तर कुंजी जारी होने का इंतजार कर रहे थे। अब प्रोविजनल आंसर-की जारी होने से उम्मीदवारों को अपने प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर मिल गया है।

# अमेरिका में तेलंगाना के युवक की गोली मारकर हत्या

**>> अतिरिक्त कमाई के लिए वीकेंड पर करता था पिज्जा डिलीवरी**

**>> सुनसान इलाके में बुलाकर सिर में मारी कई गोलियां**



■ फिलाडेल्फिया/नई दिल्ली।

अमेरिका में भारतीय मूल के एक युवक की दर्दनाक हत्या ने एक बार फिर विदेशों में रह रहे भारतीय छात्रों और पेशेवरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेलंगाना के 28 वर्षीय अंशुल कुंचा की फिलाडेल्फिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। अंशुल एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत थे और अतिरिक्त आय के लिए सप्ताहांत में पार्ट-टाइम पिज्जा डिलीवरी का काम भी करते थे। परिवार का आरोप है कि उन्हें एक फर्जी पिज्जा ऑर्डर के बहाने सुनसान इलाके में बुलाया गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उनके सिर में कई गोलियां मार दीं। घटना के बाद भारतीय समुदाय में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिवार का कहना है कि न तो अंशुल से कोई सामान लूटा गया और न ही किसी तरह की कहासुनी हुई, जिससे यह आशंका और मजबूत हो गई है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित थी। भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं। परिवार और प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार घटना शनिवार रात की है। अंशुल को पिज्जा डिलीवरी के लिए एक ऑर्डर प्राप्त हुआ था। सामान्य डिलीवरी समझकर वह निर्धारित पते पर पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि स्थान पूरी तरह सुनसान था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर ने बेहद करीब से उनके सिर पर कई गोलियां चलाईं। गोली लगने के बाद अंशुल गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना मिलने के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### चार साल पहले सपनों के साथ पहुंचे थे अमेरिका

अंशुल कुंचा तेलंगाना के रहने वाले थे। उन्होंने हैदराबाद से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी। उच्च शिक्षा और बेहतर करियर की उम्मीद में वह लगभग चार वर्ष पहले अमेरिका गए थे। वहां उन्होंने मास्टर्स की डिग्री हासिल की और बाद में एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी प्राप्त कर ली। परिवार के अनुसार अंशुल अपने करियर को लेकर बेहद गंभीर थे और भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करना चाहते थे। नौकरी के साथ-साथ वह सप्ताहांत में पिज्जा डिलीवरी का काम भी करते थे ताकि अतिरिक्त आमदनी हो सके और आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बन सकें।

# संविधान से ज्यादा सरकार के प्रति वफादार दिखते हैं अधिकारी: हाईकोर्ट

**>> तबादला, पोस्टिंग और प्रमोशन व्यवस्था पर उठाए सवाल**

**>> कहा- कानून का राज किसी भी सरकार से ऊपर होना चाहिए**

■ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश की पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि राज्य के कई पुलिस अधिकारी संविधान के बजाय सत्तारूढ़ सरकार के प्रति अधिक वफादार दिखाई देते हैं। अदालत ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारियों की पहली जिम्मेदारी संविधान और कानून के प्रति होती है, न कि किसी राजनीतिक दल या सरकार के प्रति। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य की प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था में तबादला, पोस्टिंग और प्रमोशन जैसी प्रक्रियाओं पर राजनीतिक प्रभाव दिखाई देता है, जिससे निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले अधिकारियों को नुकसान उठाना पड़ता है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एक गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सामने आई है। अदालत की इस टिप्पणी के बाद प्रशासनिक जवाबदेही, पुलिस सुधार और कानून के शासन को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र में सरकारी मशीनरी का संचालन संविधान के अनुरूप होना चाहिए और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि अधिकारी संविधान के बजाय राजनीतिक प्रभावों के आधार पर कार्य करेंगे तो कानून का शासन कमजोर होगा और आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा प्रभावित हो सकता है।

# मुख्यमंत्री योगी ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

■ बलरामपुर



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। योगी शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे। यहां विकास कार्यों के लोकार्पण- शिलान्यास के बाद मंदिर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। योगी ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का भी निर्देश दिया। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोंडा के लिए प्रस्थान किया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास, विधायक पलटूराम, कैलाश नारायण शुक्ल आदि भी मौजूद रहे।

## 10 दिन में यह बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंच सकता है

# गोवा पहुंचा मानसून, केरलम् में बारिश का रेड अलर्ट

■ नई दिल्ली



करीब 3 दिन की देरी के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और अब गोवा पहुंच गया है। केरलम् में अगले 24 घंटे के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वायनाड-कासरगोड में स्कूल बंद रहें।मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिन में मानसून, असम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। इसके बाद 10 दिन में यह बिहार, झारखंड और ओडिशा पहुंच सकता है। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में बारिश हो रही है। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी है।

### केरलम् में भारी बारिश

शुक्रवार रात केरलम् में हुई भारी बारिश के कारण कई इलाकों में पानी भर गया और पेड़ उखड़ गए। आईएमडी ने केरलम के 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ तूफान की आशंका है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद में मानसून के जून के आखिरी हफ्ते तक पहुंच सकता है। इसी दौरान मानसून हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के कुछ इलाके में आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कुछ इलाकों में लगभग इसी समय बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

### 19 राज्यों में भारी बारिश और आंधी

देश में भीषण गर्मी और उमस के बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से नया अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक कल यानी 7 जून को यूपी, बिहार समेत 19 राज्यों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चल सकते हैं। इस आंधी के चलते बड़े-बड़े वृक्ष भी उखड़ सकते हैं। वहीं, पहाड़ी राज्यों में मौसम बिगड़ने का अलर्ट है। कुछ जिलों में मूसलाधार बारिश और आंधी मुश्किलें बढ़ा सकती है। वहीं, पूर्वी भारत के राज्यों में भी आंधी और बिजली गिरने से नुकसान हो सकता है। इसलिए लोगों से बेहद सतर्क रहने की अपील की गई है। कुछ राज्यों में तो बड़े-बड़े ओले गिरने के भी चेतावनी है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उसके आस-पास के इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके अलावा झारखंड और उसके आस-पास के इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। मध्य प्रदेश के भोपाल, विदिशा, खंडवा, कटनी, इंदौर, होशंगाबाद, अशोक नगर, नीमच, आगर-मालवा, विदिशा, धार और खरगोन में 7-8 जून को भारी बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। यूपी में गौतमबुद्ध नगर, मुजफ्फर नगर, मेरठ, शाहजहांपुर, मोरादाबाद, आगरा, मथुरा, कानपुर, हमीरपुर, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज में 7 जून को भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है।

# सौ करोड़ गबन में रियल एस्टेट कंपनी का निदेशक मथुरा से गिरफ्तार

## कर्मभूमि रियल एस्टेट कंपनी के अन्य पांच आरोपियों की तलाश में छापामारी

■ लखनऊ



यूपी के कई जिलों में कंपनी की शाखाएं खोलकर कम समय में धन दोगुना और सस्ते दामों में प्लॉट/फ्लैट देने का झांसा देकर करीब सौ करोड़ का गबन करने वाले कर्मभूमि रियल एस्टेट कंपनी लिमिटेड के निदेशक महिपाल सिंह को ईओडब्लू कानपुर इकाई की टीम ने मथुरा से गिरफ्तार किया है। महिपाल सिंह करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था। कर्मभूमि रियल एस्टेट कंपनी लिमिटेड के निदेशकों ने कानपुर से कंपनी का रजिस्ट्रेशन करवा कर कई जिलों- मथुरा, कानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, लखीमपुर-खीरी आदि में शाखाएं खोलीं। इसके बाद धन दोगुना करने, सस्ते दामों में प्लॉट/फ्लैट उपलब्ध कराने का लालच देकर वर्ष 2011 से 2015 तक 100 करोड़ रुपये का धन निवेश कराया। वादे के मुताबिक निवेशकों को प्लॉट/फ्लैट उपलब्ध नहीं कराये गये और न ही रकम लौटाई गई। मामले में अन्य पांच निदेशकों/अभियुक्तों के साथ आपराधिक षडयंत्र करके निवेशकों की रकम गबन कर कार्यालय बंद कर रफूचक्कर हो गए। सौ करोड़ रूपए के गबन में शासन के निर्देश पर ईओडब्लू ने जांच की। ईओडब्लू कानपुर सेक्टर ने कंपनी निदेशक महिपाल सिंह समेत छह निदेशकों के खिलाफ वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज करायी।

ईओडब्लू की विवेचना में अभियुक्त महिपाल सिंह अन्य सह अभियुक्त के साथ जालसाजी कर 100 करोड़ गबन किया गया। जांच के बाद ईओडब्ल्यू की कानपुर सेक्टर टीम ने निदेशक महिपाल सिंह (निवासी-360 छटीकरा, थाना जैत, मथुरा) को गिरफ्तार किया है। अन्य पांच आरोपियों की तलाश में टीमें छापेमारी कर रही हैं।

# दुल्हन प्रेमी संग फरार तो बहन से रिश्ता जोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय सनसनीखेज घटनाक्रम में बदल गया, जब निकाह से ठीक पहले दुल्हन प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिवारों ने किसी तरह रिश्ते की लाज बचाने के लिए उसकी छोटी बहन से निकाह कराने का फैसला किया, लेकिन बारात पहुंचने के बाद उसका भी प्रेम प्रसंग सामने आ गया। इसके बाद बारातघर में ऐसा बवाल मचा कि खुशियों की महफिल देखते ही देखते रणभूमि में तब्दील हो गई। लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चले और कई लोग घायल हो गए। अंत में बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

बिथरी चैनपुर क्षेत्र के एक गांव की युवती का निकाह पास के गांव के युवक से तय था। शनिवार को नरियावल स्थित बारातघर में निकाह की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच शुक्रवार रात युवती घर से जेवर लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई। सुबह होते ही परिवार में हड़कंप मच गया और मामला दूल्हा पक्ष तक पहुंच गया।दुल्हन के फरार होने के बाद दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बन गई। रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने घंटों पंचायत कर मामला सुलझाने की कोशिश की। काफी मान-मनौव्वल के बाद दोनों परिवार इस बात पर राजी हो गए कि दुल्हन की छोटी बहन का निकाह दूल्हे से करा दिया जाए, ताकि रिश्ता और सामाजिक प्रतिष्ठा बची रहे। शनिवार को तय कार्यक्रम के अनुसार बारात नरियावल स्थित बारातघर पहुंच गई। निकाह की रस्म शुरू होने ही वाली थी कि किसी ने दूल्हा पक्ष को जानकारी दी कि छोटी बहन का भी किसी युवक से प्रेम संबंध है और वह भी यह शादी नहीं करना चाहती। यह बात सामने आते ही माहौल गरमा गया। दोनों पक्षों में पहले तीखी बहस हुई और फिर विवाद हाथापाई में बदल गया।

- निकाह से पहले उसका भी निकला अफेयर, फिर चलीं बारात में लाठियां

### बारातघर में चले लाठी-डंडे, ईंट-पत्थरों से मची अफरा-तफरी

देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बारातघर में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। शादी में शामिल होने आई दुल्हन की चचेरी बहन, उसका देवर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट और चीख-पुकार से बारातघर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बिथरी चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात को काबू में किया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हंगामे के बाद शादी पूरी तरह रद्द हो गई और दूल्हा पक्ष बिना दुल्हन के वापस लौट गया। एसओ बिथरी चैनपुर राजेश मिश्रा ने बताया कि जिस युवती का निकाह होना था, वह अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। बाद में उसकी बहन से निकाह की बात तय हुई, लेकिन उसका भी प्रेम प्रसंग सामने आने पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में दो-तीन लोग घायल हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# दुबई से कश्मीर तक फैला हवाला नेटवर्क बेनकाब

## बरेली में 35 लाख कैश के साथ दोआरोपी किए गए गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। शहर में चल रहे हवाला कारोबार के एक बड़े नेटवर्क का बारादरी पुलिस और एसओजी टीम ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 लाख रुपये नकद, दो फर्जी आधार कार्ड और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बंद पड़ी एक फर्जी कंपनी के बैंक खाते के जरिए बैनामी धन का लेन-देन किया जा रहा था और रकम को हवाला चैनल के माध्यम से संदिग्ध लोगों तक पहुंचाया जाता था। मामले के तार दुबई से लेकर कश्मीर और देश के कई राज्यों तक जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बारादरी पुलिस और एसओजी को सूचना मिली थी कि एक निष्क्रिय कंपनी के खाते में विभिन्न स्थानों से बड़ी मात्रा में धनराशि जमा कराई जा रही है। इसके बाद रकम निकालकर हवाला नेटवर्क के जरिए आगे भेजी जाती थी।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने माधोबाड़ी क्षेत्र में छापेमारी कर जमीर अहमद और जगदीश चोटिया को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी जमीर अहमद ने बताया कि उसका संपर्क मोबाइल फोन के माध्यम से खुद को दुबई निवासी बताने वाले अली जीशान से हुआ था। अली जीशान ने उसे फर्जी कंपनी बनाकर बैंक खाता संचालित करने की सलाह दी। इसके बाद खाते में आने वाली रकम को निकालकर टोकन नंबर के आधार पर अलग-अलग लोगों तक पहुंचाया जाता था। बदले में आरोपियों को मोटा कमीशन मिलता था।जांच में पता चला कि केजीएन नाम की कंपनी मोईन अली के नाम पर बनाई गई थी। कंपनी का कार्यालय पीलीभीत बाईपास रोड स्थित आशुतोष सिटी में संचालित दिखाया गया था। पुलिस के मुताबिक कंपनी किसी वैध व्यापारिक गतिविधि में शामिल नहीं थी, बल्कि उसका इस्तेमाल केवल हवाला कारोबार को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था।

### चार साल से सक्रिय था हवाला नेटवर्क

दूसरे आरोपी जगदीश चोटिया ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले चार वर्षों से हवाला कारोबार में सक्रिय है। उसने खुलासा किया कि दिल्ली में बैठे उसके सहयोगी लालचंद्र और धम्माराम टोकन सिस्टम के जरिए रकम का भुगतान कराते थे। नेटवर्क में पैसा भेजने और प्राप्त करने वाले लोगों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती थी ताकि जांच एजेंसियों तक कोई सुराग न पहुंच सके।पुलिस को आशंका है कि हवाला नेटवर्क के तार कई राज्यों के अलावा विदेशों तक फैले हुए हैं।

# 4500 रुपये के विवाद में महिला की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। बिथरी चैनपुर क्षेत्र के खजुरिया ब्रह्मनान गांव में महज 4500 रुपये की मजदूरी के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि दो सगे भाइयों ने पहले महिला पर बांका से हमला किया और फिर ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी और तनाव का माहौल है। हालांकि मामले ने नया मोड़ तब ले लिया जब मृतका के मायके पक्ष ने महिला के पति पर ही हत्या का आरोप लगा दिया। पुलिस अब दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

गांव निवासी विमल ने थाना बिथरी चैनपुर में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई संजीव गांव फरीदापुर इनायत खां निवासी अर्जुन के ट्रैक्टर पर मजदूरी करता था। ट्रैक्टर अक्सर उनके घर पर खड़ा किया जाता था। आरोप है कि अर्जुन पर गांव के ही पप्पू के 4500 रुपये मजदूरी के बकाया थे। शनिवार रात पप्पू और उसका भाई छुटका उर्फ धर्मपाल बकाया रकम मांगने उनके घर पहुंचे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते उग्र विवाद में बदल गई। आरोप है कि पप्पू और धर्मपाल कुछ देर बाद अपने घर से लाठी और बांका लेकर वापस लौटे और हमला बोल दिया। विमल के अनुसार हमलावरों को देखकर वह और उसका भाई संजीव जान बचाने के लिए भाग निकले। इसी दौरान बीच-बचाव करने के लिए विमल की पत्नी राधा आगे आई। आरोप है कि धर्मपाल ने राधा पर बांका से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पप्पू ने ट्रैक्टर स्टार्ट किया और घायल राधा को कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिथरी चैनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जांच में जुटी पुलिस, मायके पक्ष ने उठाए सवाल

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतका के मायके वालों ने पति पर ही हत्या का आरोप लगाकर मामले को और उलझा दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। सभी पक्षों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### पुलिस भर्ती परीक्षा देने जाना होगा आसान रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें, रोडवेज दौड़ाएगा 125 अतिरिक्त बसें

बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे और रोडवेज ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।8, 9 और 10 जून को होने वाली परीक्षा के दौरान लाखों अभ्यर्थियों की आवाजाही को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा, जबकि रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाने और विभिन्न रूटों पर फेरे बढ़ाने का फैसला किया है। प्रशासन का दावा है कि परीक्षार्थियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल और इज्जतनगर मंडल ने परीक्षा के मद्देनजर विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। बरेली जंक्शन पर दो अतिरिक्त रैक पहुंच चुके हैं, जिनका संचालन हरदोई और लखनऊ रूट पर किया जाएगा। इसके अलावा हरिद्वार और मुरादाबाद से भी विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो बरेली होकर लखनऊ और सीतापुर मार्ग तक जाएंगी। पहले दिन आगरा और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आने की संभावना को देखते हुए इज्जतनगर मंडल ने कासगंज और मथुरा रूट पर भी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की पांच संयुक्त टीमें भी तैनात करेगा। बरेली जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि संभावित भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली गई हैं, ताकि यात्रियों और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान रोडवेज भी अतिरिक्त सेवाएं देगा। अधिकारियों के अनुसार बरेली-आगरा, बरेली-लखनऊ, बरेली-हरदोई, बरेली-पीलीभीत, बरेली-बदायूं, बरेली-फर्रुखाबाद-कानपुर और बरेली-दिल्ली रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। विशेष रूप से आगरा रूट पर अधिक दबाव को देखते हुए अतिरिक्त बसें लगाई जा रही हैं। चालक और परिचालकों की छुट्टियां भी परीक्षा समाप्त होने तक निरस्त कर दी गई हैं, ताकि परिवहन व्यवस्था प्रभावित न हो। तीन दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए लखनऊ प्रशासन भी हाई अलर्ट पर है। परीक्षा में प्रदेश के 17 जिलों से 1,35,936 अभ्यर्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों के साथ आने वाले परिजनों को मिलाकर करीब दो लाख लोगों की आवाजाही का अनुमान लगाया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और प्रमुख स्थानों पर हेल्पडेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सिटी बसों की व्यवस्था भी की गई है। आलमबाग बस अड्डे से 125 अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने एक नई पहल भी शुरू की है। अब रोडवेज बसों पर ट्रेन के कोच की तर्ज पर स्पष्ट रूप से गंतव्य स्थल का नाम लिखा जाएगा।

### सराफा बाजार में 20 लाख की ठगी, असली सोने के नाम पर थमाए गए नकली

बरेली। बरेली के सराफा कारोबार से जुड़ा एक गंभीर ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक शातिर व्यक्ति ने दोस्ती का नाटक कर एक सराफा कारोबारी का भरोसा जीता और असली सोने के नाम पर नकली पेंडल देकर करीब 20 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दे दिया। मामला सामने आते ही सराफा बाजार में हड़कंप मच गया है। पीड़ित कारोबारी के मुताबिक आरोपी ने खुद को राजस्थान का रहने वाला बताते हुए उससे संपर्क किया था। शुरुआत में उसने छोटे-मोटे सौदे कर कारोबारी का विश्वास हासिल किया। इसके बाद सोने के आभूषणों के बड़े लेनदेन की बात शुरू हुई। भरोसे के चलते कारोबारी ने आरोपी की बातों पर यकीन कर लिया। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर शुद्ध सोने के पेंडल बताकर नकली पेंडल सौंप दिए और बदले में मोटी रकम ले ली। ठगी का खुलासा तब हुआ, जब कारोबारी ने पेंडलों की गुणवत्ता की जांच कराई। जांच में पेंडल नकली पाए गए, जिससे कारोबारी के होश उड़ गए। इसके बाद उसने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर फैलते ही सराफा बाजार में व्यापारियों के बीच चिंता का माहौल बन गया है।सराफा कारोबारियों का कहना है कि यह किसी संगठित गिरोह की करतूत भी हो सकती है, जो अलग-अलग शहरों में इसी तरह से ज्वैलर्स को निशाना बना रहा है। व्यापारियों ने एक-दूसरे को सतर्क रहने की सलाह दी है और कहा है कि किसी भी बड़े सौदे से पहले सोने की शुद्धता की पूरी जांच जरूरी है।फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर किला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस आरोपी की पहचान करने और उसकी गिरफ्तारी के लिए साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### इज्जतनगर क्षेत्र में किशोर से नकदी-मोबाइल छीना

बरेली। बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में ऑटो सवार बदमाशों ने शातिराना तरीके से एक 15 वर्षीय किशोर को निशाना बनाया। घर लौट रहे किशोर को पहले एक ऑटो से उतरवाया गया, फिर दूसरे ऑटो में बैठाकर उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया गया। जानकारी के अनुसार किशोर रोज की तरह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे बहला-फुसलाकर एक ऑटो से उतारकर दूसरे ऑटो में बैठा दिया। आरोप है कि दूसरे ऑटो में मौजूद बदमाशों ने मौका पाकर किशोर से 3,220 रुपये नकद और उसका मोबाइल फोन छीन लिया।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से किशोर बुरी तरह घबरा गया और किसी तरह सुरक्षित घर पहुंचा। वहां पहुंचकर उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजनों ने तत्काल पुलिस को अवगत कराया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।





# बरेली के हॉस्पिटल संचालक ने रिवाल्वर दिखाकर होटल में किया नर्स के साथ रेप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। इज्जतनगर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के संचालक पर अपनी ही स्टाफ नर्स के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल संचालक ने पहले फोन पर अश्लील बातें कर मानसिक दबाव बनाया, फिर सैलरी देने के बहाने कार में बैठाकर तमंचे के बल पर होटल ले गया और वहां दुष्कर्म किया। घटना के बाद उसे बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर इज्जतनगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

शाहजहांपुर के खुदागंज थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह इज्जतनगर क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर काम करती है। 12 जनवरी 2026 को उसने बीडी जनता अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में नौकरी शुरू की थी। आरोप है कि अस्पताल संचालक चंद्र प्रताप ने कुछ समय बाद फोन पर अश्लील बातें करना शुरू कर दिया। इसके बाद वह अस्पताल में भी छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने लगा।सैलरी देने के बहाने बुलाया, फिर होटल में बनाया शिकार पीड़िता के मुताबिक अप्रैल 2026 में आरोपी ने वेतन देने के बहाने उसे अपनी कार में बैठा लिया। रास्ते में जब उसने सैलरी मांगी तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और उसे एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया।पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी उसे बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। डर और बदनामी के भय से उसने उस समय किसी को घटना की जानकारी नहीं दी।

### पीछा कर बना रहा था दबाव, कमरे तक पहुंच गया आरोपी

युवती का आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी लगातार उस पर दबाव बनाता रहा। बात न करने पर जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं। गुरुवार को वह किसी काम से विश्वविद्यालय गई थी, जहां आरोपी पहुंच गया। शुक्रवार को उसने रास्ते में घेर लिया और बाद में उसके कमरे तक पहुंच गया। इज्जतनगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अस्पताल संचालक चंद्र प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिनेश गोयल लगातार दूसरी बार बने आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## बरेली के उद्योगपति पर देशभर के उद्यमियों ने जताया भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर बरेली का परचम लहराया है। रामा श्यामा पेपर मिल के मालिक और वरिष्ठ उद्योगपति दिनेश गोयल को वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से दोबारा आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनके पुनर्निर्वाचन की घोषणा होते ही बरेली समेत पूरे प्रदेश के उद्योग जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। उद्यमियों ने इसे न सिर्फ बरेली बल्कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।

शनिवार को लखनऊ में आयोजित आईआईए की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने परिणाम घोषित करते हुए दिनेश गोयल को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। उनके नाम पर बनी सहमति को संगठन में उनकी मजबूत स्वीकार्यता और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण माना जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद दिनेश गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी औद्योगिक प्रदेश बनाने के लिए आईआईए पहले से अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। एमएसएमई, फाइनेंस और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोरदिनेश गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। इसके लिए तकनीकी उन्नयन, आसान वित्तीय सहायता और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में भी विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। उद्योग जगत का मानना है कि दिनेश गोयल के पहले कार्यकाल में आईआईए ने एमएसएमई सेक्टर, निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक आधारभूत सुविधाओं और उद्यमियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया। कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर संगठन की प्रभावी पैरवी का लाभ प्रदेशभर के उद्यमियों को मिला। यही वजह रही कि उन्हें लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**आयोजन** संजय कम्युनिटी हॉल में जनपद की 1032 हाई स्कूल इंटर की प्रतिमाओं को सम्मानित किया

# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बहेड़ी। अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण समिति महासभा के तत्वाधान में संजय कम्युनिटी हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह में जनपद की 1032 हाई स्कूल इंटर की प्रतिमाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने कहा की वर्तमान समय में शिक्षा ही एक सशक्त माध्यम है अपने समाज को सुधार करने के लिए इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करें जिससे मैं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। विशिष्ट अतिथि ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। आज का सम्मान निश्चित रूप से मेधावी सम्मान है। इस कार्यक्रम की प्रेरणा से छात्रों का हौसला बढ़ेगा। कार्यक्रम को विभिन्न क्षेत्रों से आए विधायकों ने एक स्वर में कहा कि आज आवश्यकता है कि हम लोग संगठित होकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करें और देश और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी नेहाल सिंह ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में 1032 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने जनपद में हाईस्कूल एवं इंटर में बेहतर अंक प्राप्त किया वहीं विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। मंच का संचालन प्रदेश महामंत्री पूरनलाल लोधी एवं मंडल अध्यक्ष भक्ति सिंह ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित रहने वालों में महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, राज महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य महाराज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रुति गंगवार, अधीर सक्सेना सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नाला सफाई में लापरवाही, नगर निगम की रेलिंग तोड़ी

बरेली। बरेली में मानसून से पहले चल रहे नाला सफाई अभियान के दौरान ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। मिशन हॉस्पिटल रोड स्थित खुले नाले के किनारे सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की मजबूत रेलिंग सफाई कार्य में लगी भारी मशीनों की चपेट में आकर टूट गई। इस घटना से नगर निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और राहगीरों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न खुले नालों के किनारे दुर्घटनाओं से बचाव के लिए लाखों रुपये खर्च कर लोहे की रेलिंग लगवाई गई थी। इसका उद्देश्य पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को नालों में गिरने से बचाना था। लेकिन सफाई के दौरान मानकों की अनदेखी और मशीनों के लापरवाह संचालन से मिशन हॉस्पिटल रोड समेत कई स्थानों पर रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। रेलिंग टूटने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि इससे बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। लोगों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त रेलिंग की तत्काल मरम्मत कराई जाए और नुकसान की भरपाई संबंधित ठेकेदार से वसूली जाए।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, लगाया हत्या का आरोप

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा, जांच शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई।वहीं मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव जादोपुर निवासी किरन की शादी दो साल पहले पटवाई थाना क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी सुरेश हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय तक सबकुछ ठीक रहा,लेकिन उसके बाद ससुराल



किरन का फाइल फोटो।

वालों ने किरन से फ्रिज और पांच लाख रुपये की मांग कर दी थी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली महिला के साथ आए दिन मारपीट किया करते थे। आरोप है कि शनिवार को रात को महिला के मायके वालों को सूचना मिली कि उसकी बेटी की हत्या कर दी है। जिसके बाद परिजन ससुराल पहुंच गए। उसके शव को देखकर रोना पीटना मचा दिया था।

सूचना के बाद शहजादनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

दहेज हत्या के मामले में चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब के पीछे आए दिन होता था दंपति में झगड़ा

मायके वालों का कहना है कि आए दिन महिला का पति सुरेश शराब पीकर आता था। जब किरन शराब पीने का विरोध करती थी,तो महिला का पति उसके साथ आए दिन मारपीट किया करता था। इस बारें में कई बार महिला ने अपने मायके वालों को बताया था। महिला के परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले भी सुरेश ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी थी।

## सड़क हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के टांडा गांव के पास शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में घायल बरेली जनपद के वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। बरेली के हरदासपुर गांव निवासी प्रेमपाल



गुप्ता (63) गांव के ही नरेशपाल सिंह और प्रेम बाबू के साथ बाइक पर सवार होकर ऊंचागांव मढ़ी पर भजन कीर्तन में शामिल होने आए थे, वापस लौटते समय टांडा गांव के पास उनकी बाइक और सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार प्रेमपाल गुप्ता समेत पांचों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों को उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान प्रेमपाल गुप्ता ने दम तोड़ दिया।

## एक नजर

### आज निकाली जाएगी कलश यात्रा

**रामपुर।** सोमवार से 25 जून तक श्री मद भागवत कथा का आयोजन बॉम्बे पैलेस में किया जा रहा है। जिसमें कथा सुनाने के लिए गाजियाबाद से गुरुदेव अमन उद्धव आ रहे हैं। जिसमें भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया जाएगा।जिसमें मुख्य यजमान के रुप में सोनम गुप्ता, पलाश गुप्ता,डेजी गुप्ता रहेगे। कथा से पहले कलश याद्घा निकाली जाएगी। जिसमें राजेंद्र कुमार, राजीव अग्रवाल,अंशुल अग्रवाल, पियूष अग्रवाल मौजूद रहेगे।

### सड़क हादसे में मासूम घायल, किया रेफर

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ढकिया गांव में हुए सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद तहसील के ढकिया गांव निवासी सुंदर की 12 वर्षीय पुत्री चंचल सड़क हादसे का शिकार हो गई। आनन-फानन में परिजनों द्वारा घायल मासूम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया।

### मारपीट करने के मामले में 4 पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के महुनागर गांव निवासी गेंदनलाल ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर मारपीट करने के मामले में चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। गेंदनलाल का आरोप हैं कि बीती दो जून की शाम मनोज शराब पीकर उसके घर के आगे खड़ा था, जब मैने मकान के पास खड़ा होने के कारण पूछा तो मुझे और मेरे भाई संतराम को मनोज, अंकित, महिपाल निवासीगण महुनागर और सुनील निवासी धमोरा रामपुर ने गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# घरेलू विवाद में व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** घरेलू विवाद के चलते व्यापारी ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंगूरी बाग निवासी जमाल की किला गेट पर रेडीमेड की दुकान है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह दस बजे जमाल का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। कुछ देर के बाद जमाल ने कमरे में जाकर फांसी लगाकर



आत्महत्या कर ली। कुछ देर के बाद जब परिजनों ने जमाल को कमरें में लटका देखा,तो उनकी चीख निकल गई। जिसके बाद मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए। उसको आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। जानकारी मिलने के बाद आस पास के दुकानदार भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा रहा।

# मेडिकल कॉलेज बनाने को लेकर कार्यालय पर गरजे व्यापारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार दोपहर को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर बिलासपुर तहसील के पदाधिकारी व व्यापारी पहुंचे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज को लेकर एक बैठक आयोजित की। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि व्यापार मंडल के द्वारा लगातार किए गए अनुरोध के बाद भी मेडिकल कॉलेज की अति शीघ्र शुरू कराने के संबंध में कई बार पत्र दिए जा चुके हैं।जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। सारी रिपोर्ट तैयार के बाद 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए




बैठक को संबोधित करते व्यापारी नेता। -जागरण मोर्चा

भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया गया। उसके बाद 14 दिसंबर 2021 को जिलाधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट सौंप दी गई। 22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है। व्यापारी समाज इस मुद्दे को लगातार उठा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी में मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिया जाएगा इस अवसर जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, मोहम्मद यासीन ,अमीर अहमद,करण मसीह, विजय सिंह सागर , जसवंत सिंह राजू, विक्रम सिंह, राजकुमार, रिंकू मासीह, गोपाल शर्मा ,संदीप शर्मा,नसीर लाला, यासीन भाई आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद ने पति और बेटे से जेल में की मुलाकात

- 17 नवंबर से जिला कारागार में सजा काट रहे पिता- पुत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 17 नवंबर से दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से पूर्व सांसद तजीन फात्मा ने जिला कारागार में जाकर उनसे मुलाकात की। जिसमें घर से लेकर अन्य तथ्यों पर वार्तालाप हुई। हालांकि पूर्व सांसद ने मीडिया से बातचीत नहीं की।

सूबे में सपा सरकार जाने के बाद सत्ता में आई भाजपा सरकार ने आजम खां और उनके परिवार पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था।जिसके बाद सपा नेता आजम खां और उनके परिवार के सदस्यों पर करीब 200



पति और बेटे से जेल में मिलने के बाद बाहर आती पूर्व सांसद एवं अन्य।

मुकदमे हैं। जोकि सभी कोर्ट में विचाराधीन है। दो पैन कार्ड मामले में सात साल की सजा होने के कारण पिता पुत्र जिला कारागार में 17 नवंबर से सजा काट रहे हैं। आए दिन उनसे जेल में मिलने के लिए उनके शुभ चिंतक जाते रहते हैं। रविवार को पूर्व सांसद तजीन फात्मा अपने बड़े बेटे अदीब आजम और अब्दुल्ला आजम के दोस्त सालिब के साथ जिलाकारागार पहुंची। जहां सभी ने पिता पुत्र से मुलाकात की। इस दौरान घर से लेकर अन्य मुद्दों पर लेकर करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई। जिला कारागार से बाहर आने के बाद मीडिया से बात किए बिना ही सभी घरों को चले गए।

# बिजनौर में मिलक के मुर्गा कारोबारी की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** हरियाणा से माल लेकर लौट रहे दो कारोबारियों की पिकअप सड़क हादसे का शिकार हो गई। सामने अचानक आई बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई पिकअप सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक बाल-बाल बच गया।

मिलक के मोहल्ला नसीराबाद निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ सनी वाल्मीकि (42) पुत्र जगदीश सरन अपने साथी और कारोबारी साझेदार जीतू के साथ शनिवार दोपहर पिकअप वाहन लेकर हरियाणा माल लेने गए थे। दोनों रविवार तड़के वापस मिलक लौट रहे थे।



मृतक का फाइल फोटो।

सुबह करीब पांच बजे बिजनौर जिले के हल्दौर थाना क्षेत्र में उनकी पिकअप के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप सीधे सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में सुरेंद्र कुमार उर्फ सनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक जीतू को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के भाई जयपाल ने बताया कि बिजनौर में पोस्टमार्टम की कार्रवाई जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक नगर मिलक लाया जाएगा।बताया जाता है कि सुरेंद्र कुमार और जीतू मिलक में संयुक्त रूप से मुर्गी फार्म का कारोबार करते थे और दोनों लंबे समय से व्यापारिक साझेदार थे। सुरेंद्र की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और तीन वर्ष का एक बेटा है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

### एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुगम एवं व्यवस्थित आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, परीक्षा कक्षों की तैयारियों, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं आदि का गहनता से परीक्षण किया।परीक्षा केन्द्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा संबंधी चूक की कोई संभावना न रहे।परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन एवं पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जागरूकता — सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी किए गए निर्देश

# छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति किया जाएगा जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले के सभी उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अब किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एमएचएम (मासिक स्वच्छता प्रबंधन) क्लब का गठन किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।




जारी निर्देशों के अनुसार, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के प्रति बालिकाओं को जागरूक करने, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा स्वच्छता संबंधी आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालयों में एमएचएम क्लब स्थापित किए जाएंगे। क्लब के माध्यम से बालिकाओं को सेनेटरी पैड के सुरक्षित उपयोग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी तथा पोषण संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक विद्यालय में 10 से 12 छात्राओं का एक समूह एमएचएम क्लब के रूप में कार्य करेगा। क्लब का गठन नोडल शिक्षक के निर्देशन में किया जाएगा तथा सदस्य छात्राएं अपने साथियों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी। योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय में "पैड बैंक" स्थापित किया जाएगा, जहां जरूरतमंद छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए विद्यालयों में उपयुक्त स्थान पर पैड, डिस्पोजल बैग, डस्टबिन और अन्य आवश्यक सामग्री रखने की व्यवस्था की जाएगी।

साथ ही पैड वितरण का रिकॉर्ड भी संधारित किया जाएगा।बीएसए कार्यालय द्वारा जुलाई से अप्रैल तक विभिन्न विषयों पर जागरूकता गतिविधियों का कैलेंडर भी जारी किया गया है। इसमें मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, पोषण, स्वच्छता व्यवहार, पर्यावरण-अनुकूल विकल्प तथा मिथकों और भ्रांतियों पर चर्चा जैसे विषय शामिल हैं। इन गतिविधियों में डॉक्टरों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।

### निरीक्षण और मॉनिटरिंग के निर्देश

बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों में शौचालय, रनिंग वाटर, हैंडवॉश सुविधाओं, इंसिनरेटर की स्थिति तथा सेनेटरी पैड की उपलब्धता का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एमएचएम गतिविधियों की फोटो एवं वीडियो समय-समय पर उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी का कहना है कि इस पहल से किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और विद्यालयों में उनके लिए अधिक सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण तैयार होगा।

## सार संक्षेप



मसवासी के गांव बिजारखाता में मारपीट के बाद जमा भीड़ और पूछताछ करती पुलिस।

### वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**मसवासी।** स्वार-बाजपुर मार्ग पर ई-रिक्शा चालक का वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का स्थानीय चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। रविवार को गांव खोद शरीफ निवासी समीर पुत्र फईम अहमद बिजारखाता से सवारियां उतारकर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहा था। आरोप है कि मोतीपुरा के निकट गांव के ही बाइक सवार दो युवकों ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। समीर द्वारा विरोध किए जाने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।इसी दौरान गांव गागन नगली निवासी इंजन मिस्त्री इब्ने अली बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि मारपीट के दौरान वह भी चोटिल हो गए।उनके सिर में गंभीर चोट आई। घटना की सूचना मिलने पर इब्ने अली के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दूसरे पक्ष के शानू को भी पीट दिया गया, जिससे वह घायल हो गया।मारपीट की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में दोनों पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी।पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास भी चल रहे हैं।

### स्विमिंग पूल में नहाते समय हादसा, युवक जख्मी

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के चंदपुरा सालिस गांव स्थित स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान हुए हादसे में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। युवक को आनन-फानन में सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिलक कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव कूप का मझरा निवासी रचित रविवार को शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव चन्दपुरा सालिस में बने एक स्वीमिंग पूल में नहाने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रचित पूल में नहा रहा था। इस दौरान रैम्प से गुजरते हुए स्वीमिंग पूल में आ रहे एक युवक का पैर अचानक रचित के पेट में जाकर लगा। टक्कर इतनी तेज थी कि रचित दर्द से तड़प उठा और पूल के भीतर ही घायल हो गया। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। साथी युवकों ने तत्काल उसे पूल से बाहर निकालकर सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी जुटाई। हादसे के बाद स्वीमिंग पूल में मौजूद लोगों में भी कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में तथ्यों की जांच की जा रही है।

### एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव मुरसैना निवासी समीर आलम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि वह पांच भाई है। जिसमें से दो भाई उससे नाराज रहते हैं।उसके पिता ने बिना निकाह के एक महिला को अपने घर में रख लिया था। तभी से वह महिला उसके पिता के साथ रह रही है। उसके पिता उसके साथ मारपीट करते हैं। जब समीर आलम से अपने पिता से हिस्सा मांगा,तो उन्होने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि 4 जून को फिर उसको रोककर गाली गलौज करते हुए उसको पीट दिया। पीड़ित काफी समय से अपने दोस्त के घर पर रह रहा है।

### ब्यूटी पार्लर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप

**मसवासी।** पट्टी कला क्षेत्र के गांव घोसीपुरा निवासी एक ब्यूटी पार्लर संचालिका ने युवक पर पार्लर में घुसकर छेड़छाड़ और हाथापाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घोसीपुरा निवासी युवती का गांधीनगर मोहल्ले में रामपुर तिराहे के पास ब्यूटी पार्लर संचालित है। आरोप है कि रविवार को वह पार्लर में अकेली मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक बाइक से वहां पहुंचा।पार्लर में घुस आया। महिला का आरोप है कि युवक ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी हाथापाई पर उतर आया। युवती ने शोर मचाकर किसी तरह खुद को बचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता का भाई भी मौके पर पहुंचा।आरोपी की तलाश शुरू की।पीड़िता का आरोप है कि तलाश के दौरान युवक एक दूध डेयरी में जाकर छिप गया।डेयरी संचालक ने उसके वहां न होने की बात कहकर उसे बचाने का प्रयास किया। महिला ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मसवासी में चोरी की बाइकों के साथ तीन आरोपी। -जागरण मोर्चा

### चोरी की नौ बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**मसवासी।** थाना स्वार पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर नौ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत रविवार को थाना स्वार पुलिस मंसूरपुर मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों के साथ रोक लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विशाल उर्फ शाहरुख निवासी बन्नाखेड़ा थाना बाजपुर, पारस निवासी कनौरी थाना बाजपुर जनपद ऊधमसिंह नगर तथा एक किशोर निवासी काशीपुर बताए।जांच के दौरान बरामद मोटरसाइकिलों में से एक बाइक थाना स्वार में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमे से संबंधित निकली। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने रहमतगंज के निकट एक खंडहर से सात और चोरी की मोटर साइकिलें बरामद कर लीं। थाना स्वार में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई पूरी कर ली है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार, कांस्टेबल धीरेन्द्र कुमार तथा कांस्टेबल अश्विनी कुमार शामिल रहे।





पूजा-अर्चना करते भक्त। -जागरण मोर्चा

# हवन में भक्तों ने दी आहुति

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शक्ति दरबार में शिव पुराण कथा मृत्युंजय महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए यज्ञ हुआ। जिसमें भक्तों ने आहुति दी।पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि कथा में भगवान शंकर के 12 बारहवें ज्योतिर्लिंग स्थापित करने और उनकी महिमा बताई। जिससे कि वह महान भक्तों को दर्शन देकर मानव जीवन सुखी और समृद्ध बनाएं। घुष्मेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थापित किया गया, जो मानव जीवन सुखी बनाने में सफल हो। यह भगवान शिव,सुधर्मा,घुस्मा,सुदेहा नाम के ब्राह्मण ब्राह्मणी के शिव भक्ति परिवार की कृपा प्राप्त हो। कथा के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

# इमरजेंसी वार्ड में स्ट्रेचरों, बैंच पर रोगियों को मिला रहा उपचार

## वार्ड में बेड है 24, एक पर दो-दो को लिटाया जा रहा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव है। 24 बेड की क्षमता वाले इमरजेंसी वार्ड में रविवार को 34 मरीज भर्ती हुए। बेड की कमी के कारण कई मरीजों को इलाज स्ट्रेचरों, बैंच पर किया गया।

जिला अस्पताल में 150 बैड है। लेकिन सामान्य दिनों में भी यहां पर 200 से 250 मरीज आते हैं। कई बार संख्या 275 से 300 तक पहुंच जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन को सीमित संसाधनों के बीच मरीजों को उपचार करना पड़ रहा है। नदनऊ गांव निवासी प्रेमपाल ने बताया कि उनके पिता मोहन लाल को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल लाए। उन्हें स्ट्रेचर पर भर्ती किया गया। पंजाब नगर गांव निवासी वृद्ध महिला नाजिया का भी इलाज बेंच पर लिटाकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने मरीजों की बढ़ती संख्या को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधन और बेड सीमित है। लेकिन अस्पताल प्रशासन हर मरीज को उपचार देने का प्रयास कर रहा है।



इमरजेंसी वार्ड में बैंच पर महिला को लिटाकर उपचार देते स्टॉफ। -जागरण मोर्चा



इमरजेंसी वार्ड में रखे स्ट्रेचर पर लेटे रोगी।

# रैली निकालकर दिया विभाग ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विश्व साइकिल दिवस पर जिला प्रशासन और खेल विभाग की ओर से साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, ईधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जिला खेल कार्यालय ने प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया।इसमें खेलो इंडिया, हॉकी और विभिन्न खेलों के प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज अन्य संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि साइकिल चलाना अपने आप में एक सम्पूर्ण व्यायाम है। यह शरीर को स्वस्थ्य रखता है।व्यायाम के लिए समय निकालने की आवश्यकता को कम करता है। उन्होंने पर्यावरण बचाने, ईंधन की बचत करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिदिन साइकिल चलाएं और पर्यावरण बचाएं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जहां तक सम्भव हो छोटे-छोटे कार्यों के लिए ईधन चलित वाहनों की बजाए साइकिल का उपयोग करें। इससे प्रदूषण कम होगा।प्राकृतिक संसाधनों की भी बचत होगी। साइकिल का नियमित उपयोग न केवल व्यक्ति को फिट रखता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वायु प्रदूषण कम करने के साथ-साथ ईधन की खपत भी घटाता है।




गांधी समाधि पर साइकिल लेकर खड़े बच्चे और प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी।

# शिकंजा: ओवरलोडिंग में 15 वाहनों पर कार्रवाई

- 4.36 लाख से अधिक रुपये का जुर्माना लगाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 6 जून की रात्रि से सात जून तक जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनन विभाग, राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग की संयुक्त प्रवर्तन टीमों द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार विभिन्न तहसीलों में गठित टीमों ने प्रमुख चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान संचालित किया।

अभियान के दौरान जनपद में कुल 1557 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 15 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल रु0 4,36,370 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।तहसील सदर क्षेत्र में राजस्व एवं परिवहन विभाग की टीम द्वारा 5 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए रु1,50,000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त एक ओवरलोड वाहन को सीज कर रु 27,220 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। वहीं, खनन विभाग द्वारा खनन प्रपत्र की वैधता समाप्त पाए जाने पर एक अन्य वाहन पर रु 43,630 का अर्थदंड लगाया गया।तहसील बिलासपुर में संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई के दौरान 6 ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया। साथ ही खान अधिकारी द्वारा एक वाहन चालक के विरुद्ध रु 1,63,320 का जुर्माना अधिरोपित किया गया।जिलाधिकारी ने खनन विभाग, राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रखा जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध गतिविधियों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है और शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी।



वाहनों की चेकिंग करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# ट्रेन के टिकट की तरह बुक करें किसान उर्वरक

- जनपद में लगभग है 1000 उर्वरक डीलर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खाद्य वितरण व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल हो गई है। प्रशासन ने आगामी कृषि सीजन के लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। ताकि किसानों को समय से उर्वरक मिल सके। किसान अब मोबाइल ऐप के जरिए खाद्य बुक कर सकेंगे। ठीक उसी तरह जैसे ट्रेन का टिकट बुक करते हैं।

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि नई प्रणाली के लिए ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनपद के सभी किसान सहकारी समितियां के सचिवों का प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में नई व्यवस्था के तहत पंजीकृत किसान ऐप पर अपनी आईडी दर्ज करके बुकिंग प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद एक क्यूआर कोड जनरेट होगा। किसान अपनी सुविधा के अनुसार उस दुकान का चयन कर सकेंगे जो उनके खेत या गांव के सबसे नजदीक होगी। इससे किसानों को दूर की किसानों पर जाने और लंबे कतारों में खड़े होने से राहत मिलेगी। जनपद में लगभग 1200 उर्वरक दुकानें है। इनमें से 900 सक्रिय डीलर खाद्य बेच रहे हैं। जनपद में कुल 3 लाख 7 हजार पंजीकृत है।

## शिविर लगाकर राहगीरों को बांटा शरबत

**रामपुर।** रविवार को भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के पदाधिकारी गुलफाम अब्बासी की ओर से चाकू चौक पर शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए लोगों को शरबत पिलाया गया। इस मौके पर गुलफाम अब्बासी,अली मोहम्मद प्रधान,कुंदन सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



राहगीरों को शरबत बांटते पदाधिकारी।

# जमीन से 12 फिट रहेगी ताजिए की ऊंचाई: सीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रविवार को थाना परिसर में मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि त्यौहार पर किसी भी तरह की नई परंपरा डालने नहीं दी जाएगी, ताजिया उठाने से लेकर दफनाने तक की सारी जिम्मेदारी कमेटी की होगी।

ताजियेदारों को समय सीमा के अंदर मुख्य बाजार खाली करना होगा। पुलिस प्रशासन हरसंभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। बैठक में सीओ देवकीनंदन ने कहा किसी भी ताज़िए की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिन रास्तों से अब तक जुलूस गुजरता आया है, उन्हीं रास्ते से ताज़िए का जुलूस निकलेगा। नई परंपरा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल प्रदीप कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने से परहेज करें। बैठक में विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी, अधिकारियों ने उनकी सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन भी दिया। बैठक में इंस्पेक्टर जयप्रकाश सिंह, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह, व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता, गोरे खां, जमीर उर्फ चन्ना खां, अफरोज खां समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।



शाहबाद कोतवाली में मोहर्रम त्यौहार को लेकर आयोजित बैठक में बोलते सीओ।

# घर-घर पार्टी का झंडा लगाकर दिलाएं सदस्यता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस निकट विकास भवन स्थित अपना दल एस के जिला कार्यालय पर पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने पार्टी के निर्देश पर प्रत्येक बूथ स्तर पर घर-घर पार्टी का झंडा लगाने और लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने का अभियान चलाने व दो जुलाई को पार्टी संस्थापक की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हर विधानसभा से बडी संख्या में पदाधिकारियों को लखनऊ लेकर जाने का आहवान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार, चौधरी महेंद्र सिंह, इक्तेदार अली, जिला महासचिव अमित्रजीत संधू, याकूब अली एडवोकेट, जिला सचिव शैलेष वर्मा, तुलाराम गंगवार, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच हाजी पुत्तन, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच नबी अहमद मंसूरी, जिला कोषाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच ताज मोहम्मद, विधानसभा अध्यक्ष चमरौआ महबूब अली पाशा आदि मौजूद रहे।



विकास भवन स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष।

# तुरैहा मछुआ समाज 28 जून को मेधावी बच्चों का करेगा सम्मान: कमल तुरैहा

- सभी पदाधिकारियों को तैयारियां करने के निर्देश दिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को सराय गेट स्थित माता संतोषी मंदिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि के प्रांगण में तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां समाज के बच्चों व युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी गणमान्य साथियों व संगठन के पदाधिकारियों की आम सहमति से मेधावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम अब 28 जून को जिला पंचायत सभागार में आयोजित होगा।

जिसमें समाज के परिवार के सभी बच्चे जिन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है उन सभी को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।इसके साथ-साथ जिन बच्चों की किसी भी विभाग में नौकरी प्राप्त की है। उन सभी को मुख्यालय में तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर तोमर अपर जनपद न्यायाधीश नैनीताल उत्तराखंड व विशिष्ट अतिथि डॉ. सीपी सिंह चेयरमैन जिज्ञासा हास्पिटल मुरादाबाद एवं नायब तहसीलदार बिलासपुर अंकुर अंतल तथा नायब तहसीलदार अमित कुमार होगे।

जिला कोषाध्यक्ष धर्म सिंह ने कहां की समाज के जो भी साथी अपनी ग्राम पंचायत में सक्रिय राजनीति में है। बैठक में रामसिंह तुरैहा, कामरेड मेवीराम, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.कृपाल सिंह तुरैहा, राजकुमार, हरि शंकर भोट, शिवम कश्यप, राजेश तुरैहा, अर्जुन कुमार, रमेश लाल, चन्द्रपाल, राम सरन तुरैहा, नरेंद्र कुमार तुरैहा, पूरन लाल कश्यप, प्रीतम तुरैहा, राजीव कुमार तुरैहा, रामसरन, रवि तुरैहा, कृष्ण अवतार पंडित जी, रिन्कू, नवल किशोर, शिवकुमार, बाल किशोर आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

टूर्नामेंट

खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करता

# नेक्स्ट जेनरेशन हुंडई ने सनराइज स्पोर्ट्स क्लब को 25 रनों से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों मैचों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड सदस्य विनोद कश्यप, संजू प्रजापति एवं दिनेश कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं तथा इस प्रकार के आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।दिन के पहले मुकाबले में आरसीसी ने कैंपस इलेवन को 80 रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीसी ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से मोहम्मद फैज़ ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 50 गेंदों में 117 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी पारी में 16 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। वहीं मोहसिन लेफ्टी ने 39 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। 224 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंपस इलेवन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बना सकी।

टीम की ओर से गौरव गुप्ता ने 49 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में कैंपस इलेवन के निजाम पाशा ने 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। आरसीसी की ओर से अहमद नवाज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट चटकाए। शानदार शतकीय पारी के लिए मोहम्मद फैज़ को मैन ऑफ द मैच चुना गया।रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में नेक्स्ट जेनरेशन हुंडई ने सनराइज स्पोर्ट्स क्लब को 24 रन से हराकर जीत अपने नाम की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जेनरेशन हुंडई की टीम 19.3 ओवर में 130 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से गौरव डागर ने 22 गेंदों में 40 रन की तेजतर्रार पारी खेली।131 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज स्पोर्ट्स क्लब की पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। टीम के लिए दिक्षु ने 25 तथा हर्ष राणा ने 23 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। नेक्स्ट जेनरेशन हुंडई के गेंदबाज पारव सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 13 रन देकर 5 विकेट झटके और टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, सूर्यकांत, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक, अखिलेश, वरुण, विजय, हर्ष, अमित , विवेक, ध्रुव, सोनू, सूर्यप्रकाश और नन्हे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने आगामी मुकाबलों में भी इसी प्रकार के रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक खेल की उम्मीद जताई।



मुख्य अतिथि को पुरस्कार देकर सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# व्यापारी नेता को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को वीर खालसा सेवा समिति की ओर से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा को सम्मानित किया।समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि शैलेंद्र शर्मा ने व्यापारी वर्ग की लड़ाई लंबे समय से लड़ रहे हैं। व्यापारियों को उनका हक दिलाना उनकी परेशानियों को दूर करना हमेशा आगे रहते हैं।शैलेंद्र शर्मा हमेशा ही व्यापारियों की लड़ाई में आगे रहते हैं। इस मौके पर गुलशन अरोड़ा, हरजीत सिंह, हरभजन सिंह, सुरजीत सिंह, अमनदीप सिंह, गुरपेज सिंह, सेवा सिंह, कमलजीत सिंह, मनदीप सिंह, मनजीत सिंह, सनी कपूर, मदनलाल अरोड़ा,कुलजीत जुनेजा, अजीत सिंह, मनमोहन सिंह, खुशवंत सिंह, कुलविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, धर्मप्रीत सिंह, लवप्रीत सिंह, सोनू,सुमित,शिव वर्मा, बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



शैलेंद्र शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ ऊर्जा आह्वान को संभल में मिला धार्मिक स्वरूप

जागरण मोर्चा, कार्यालय


ई-रिक्शा व इलेक्ट्रिक वाहनों से 24 कोसीय परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

**संभल।** ऐतिहासिक एवं पौराणिक 24 कोसीय मासिक परिक्रमा इस बार आस्था, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के अनूठे संगम के रूप में संपन्न हुई। 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में आयोजित परिक्रमा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक कारों तथा पैदल यात्रा के माध्यम से भाग लेकर हरित परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण संबंधी आह्वान से प्रेरित इस विशेष परिक्रमा का शुभारंभ प्रातः श्री वंशगोपाल तीर्थ, बेनीपुर से हुआ। श्रद्धालुओं ने तीर्थ पर स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महंत भगवद्प्रिय महाराज ने भव्य आरती के बाद परिक्रमा को रवाना किया। ई-रिक्शाओं में सवार महिलाओं के भजन-कीर्तन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

समिति ने इस अवसर पर संभल की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत—68 पावन तीर्थों और 19 प्राचीन कूपों—के संरक्षण और संवर्धन का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि जिस प्रकार प्राचीन धरोहरों को बचाना आवश्यक है, उसी प्रकार प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी समय की प्रमुख आवश्यकता है।

परिक्रमा विभिन्न धार्मिक स्थलों से होती हुई भुवनेश्वर तीर्थ पहुँची, जहां श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पंडित मुकेश शर्मा ने रुद्राष्टकम का पाठ कराया। इसके बाद श्रद्धालु फिरोजपुर स्थित चामुंडा मंदिर, क्षेमनाथ समाधि और नैमिषारण्य तीर्थ पहुँचे, जहां बाल योगी दीनानाथ जी महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। भवानीपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। यहां मंदिर समिति द्वारा जलपान की व्यवस्था भी की गई। इसके पश्चात परिक्रमा चंद्रेश्वर मंदिर, चंदायन पहुँची, जहां भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से आयोजित यह परिक्रमा आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे जहां श्रद्धालु धार्मिक स्थलों से जुड़ रहे हैं, वहीं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे ई-रिक्शा चालकों को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और पेट्रोल-डीजल की खपत में कमी आएगी। समिति अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर परिक्रमा रथ का नेतृत्व किया और ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य संभल की धार्मिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों तक उसकी महत्ता पहुंचाना है। साथ ही स्वच्छ एवं हरित परिवहन को जन-जन तक पहुंचाना भी अभियान का हिस्सा है।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस विशेष परिक्रमा का उद्देश्य लोगों में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रदूषण मुक्त परिवहन को प्रोत्साहित करना था। इस बार परिक्रमा में शामिल विशेष रथ भी पूर्णतः इलेक्ट्रिक वाहन पर आधारित रहा, जिसने श्रद्धालुओं का विशेष आकर्षण केंद्र बना। कार्यक्रम के समापन पर श्री वंशगोपाल तीर्थ में सामूहिक पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम में यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज कुमार शर्मा, सौरभ गुप्ता, जसपाल सिंह, मुकेश शर्मा, राम किशन ठकराल, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, नितिन गुप्ता, राकेश वार्ष्णेय, अर्जुन सिंह, सरिता गुप्ता, सीमा आर्य, हेमा गुप्ता, अंशु शर्मा, शिव कुमार, अनंत अग्रवाल, विष्णु सिंह, विक्रम खुराना सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महिला खिलाड़ी का सीनियर गर्ल्स में कानपुर के लिए हुआ चयन

- एमसीए क्रिकेट अकेडमी में अभ्यास करतीं थी महिला खिलाड़ी

**चन्दौसी।** एमसीए क्रिकेट अकेडमी पर क्रिकेट का अभ्यास करने वाली जनपद बदायूं की तहसील बिसौली निवासी आस्था गर्ग का सीनियर गर्ल्स में कानपुर में चयन हुआ है।



कोच अनिल कपूर घावरी, सहयोगी कुश रावत, आलम, पुनीत शर्मा, कनिष्क ने आस्था के चयन पर खुशी जाहिर की है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि यूपीपीए द्वारा 2026-27 के लिए सीनियर आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों के ट्रायल का आयोजन कमला क्लब कानपुर में 11 जून को कराया जाएगा। चयनित सीनियर खिलाड़ी 11 जून की सुबह 7 बजे कमला क्लब में रिपोर्ट करेंगे। सीनियर महिला खिलाड़ियों में शुभ चौधरी, आस्था गर्ग, रितु निशि कश्यप, शिवानी रोहेला, ऋषिका यादव, गोल्डी शामिल है।

# स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दे रही साइकिल: प्रकाश गुप्ता

## 55 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर जय प्रकाश बने प्रेरणा स्रोत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के दौर में साइकिल एक ऐसा साधन बनकर सामने आई है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। गाजियाबाद निवासी तथा श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च, दिल्ली में असिस्टेंट साइंटिस्ट (पर्यावरण) के पद पर कार्यरत जय प्रकाश गुप्ता ने साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

बातचीत में जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 10 मई 2018 को नियमित रूप से साइकिल चलाने का संकल्प लिया था। तब से अब तक वह 55 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी साइकिल से तय कर चुके हैं। वह गाजियाबाद से दिल्ली स्थित अपने कार्यालय तक लगभग 35 किलोमीटर की दूरी नियमित रूप से साइकिल से तय करते हैं। इसके अलावा अपने पैतृक नगर बहजोई तक करीब 150 किलोमीटर की यात्रा भी कई बार साइकिल से कर चुके हैं।


साइकिल चलाते जय प्रकाश गुप्ता।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में लोगों ने उनके इस प्रयास का मजाक उड़ाया और आलोचना भी की, लेकिन उन्होंने अपने संकल्प को नहीं छोड़ा। समय के साथ उनके इस प्रयास से प्रेरित होकर सैकड़ों लोग साइकिलिंग से जुड़े और इसके सकारात्मक परिणामों का अनुभव कर रहे हैं। जय प्रकाश गुप्ता के अनुसार नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इससे तनाव कम होता है तथा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोग जैसी समस्याओं का खतरा भी घटता है। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य सुधारने के साथ-साथ जिम और उपचार पर होने वाले अतिरिक्त खर्च को भी कम कर सकती है।

पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में उन्होंने कहा कि साइकिल के उपयोग से ईंधन की बचत होती है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। यदि अधिक से अधिक लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें, तो प्रदूषण नियंत्रण और ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में अभी साइकिल चालकों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अधिकांश सड़कों पर अलग साइकिल ट्रैक नहीं होने के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद समाज के अनेक लोग उनके प्रयासों की सराहना करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

जय प्रकाश गुप्ता ने युवाओं, अभिभावकों और आम नागरिकों से सप्ताह में कुछ दिन साइकिल चलाने या छोटी दूरी के लिए साइकिल को अपनाने की अपील की। उनका कहना है कि साइकिल केवल एक वाहन नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण, आत्मअनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जहां संभव हो, वहां साइकिल को प्राथमिकता दें और स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

# पुलिस लाइन बहजोई में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- 100 से अधिक पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिए स्वस्थ जीवन के महत्वपूर्ण सुझाव

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वावधान में एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में रविवार को पुलिस लाइन बहजोई में एक स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित होकर पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं, नेत्र परीक्षण, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न परीक्षण किए गए तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने लाभ प्राप्त किया। चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर बेहतर जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने कहा कि पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यरत रहते हैं। इसलिए उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर पुलिस बल एवं उनके परिवारों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने वामा सारथी द्वारा पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। स्वास्थ्य शिविर का समापन चिकित्सकों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई।

## पौधे हमारे जीवन के लिए अतिआवश्यक: माधव मिश्र

**चन्दौसी।** सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) एवं महापुरुष स्मारक समिति के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में हमारा योगदान पर विनायक कालोनी में गोष्ठी हुई। सबसे पहले पार्क में सिल्वर प्लांट, गुलफंगुश, गुड़हल, लाल चांदनी, गुलाब के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अतिआवश्यक हैं। पौधे ही आक्सीजन का स्रोत हैं। एक मनुष्य चौबीस घंटे में साढ़े बाइस हजार सांसे लेता है और साढ़े सोलह किलोग्राम वायु खाता है यह वायु, आक्सीजन सब पौधों से मिलती है। यह आंकड़ा वैज्ञानिकों के आधार पर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा पर्यावरण संरक्षण में पृथ्वी, जल, वायु सभी है। पौधे लगाने के साथ, पालीथीन, प्लास्टिक के इस्तेमाल को भी छोड़ना पड़ेगा हमें सामान लेने के लिए थैला लेकर चलना होगा वरना पृथ्वी बंजर हो जाएगी। इस दौरान कृष्ण गोपाल मंगलम, नीतू अग्रवाल, आशा अग्रवाल, विनीत कुमार अग्रवाल, अनूप मंगलम, डा. विश्वास अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, पूनम गुप्ता, मनी गुप्ता, राम गुप्ता, गौरी अग्रवाल, कंगना अग्रवाल, सुहानी अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए।

## सार संक्षेप



पुस्तक का विमोचन करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### शोध पुस्तक का किया गया भव्य विमोचन

**चन्दौसी।** श्री वार्ष्णेय समाज सेवा समिति के तत्वावधान में बृज नगर कालोनी स्थित भोलेनाथ भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डा. गौरव, डा. हिमांशु गुप्ता एवं डा. सोनिया धीमान द्वारा संपादित और विश्वप्रसिद्ध प्रकाशक स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित शोध पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में डा. टीएस पाल ने कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और नगर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक योगदान देना हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सर्वव्यापी ,पालीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन" ऐसे रासायनिक यौगिक हैं जो कोयला, पेट्रोलियम, डीजल, लकड़ी, कचरा तथा अन्य जैविक पदार्थों के अपूर्ण दहन से उत्पन्न होते हैं। इन्हें सर्वव्यापी इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये हमारे पर्यावरण के लगभग हर हिस्से—वायु, जल, मिट्टी और खाद्य पदार्थों—में पाए जाते हैं। ये पुस्तक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई रोशनी प्रदान करेगी। डा. हिमांशु ने बताया कि यह पुस्तक केवल एक संग्रह नहीं बल्कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के विरुद्ध एक वैज्ञानिक हथियार है, जो भविष्य के शोधकर्ताओं को प्रदूषण मुक्त दुनिया बनाने की राह दिखाएगी, वहीं डा. सोनिया ने साझा किया कि इस पुस्तक का उद्देश्य सूक्ष्म स्तर पर मौजूद प्रदूषकों की पहचान और उनके निवारण की आधुनिक तकनीक को दुनिया के सामने लाना है। इस अंतरराष्ट्रीय कृति में जामिया मिलिया इस्लामिया के डा. सुघोष माधव और दिल्ली विश्वविद्यालय के डा. प्रमोद कुमार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, जिसने इसकी वैज्ञानिक गुणवत्ता को और भी सुदृढ़ किया है। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने इन युवा वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विपिन वार्ष्णेय, सर्वेश चीनी, डा सुशील वार्ष्णेय, मधुर कुमार वार्ष्णेय, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, शैलेन्द्र वार्ष्णेय, विष्णु कुमार, सचिन गुप्ता, दीपक वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, केजी गुप्ता, हिमेश चंद्र गुप्ता, दीपा वार्ष्णेय, श्यामयून्दर दुबे, मुनीश बाबू, प्रमोद गुरु, अनिमेष गुप्ता, वेदांश मौजूद रहे।

### बाइक सवार को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर में बाइक से सामान लेकर घर जा रहे व्यक्ति को साप ने डस लिया। परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सीएचसी में चिकित्स द्वारा उपचार किया जा रहा है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी देवेंद्र शर्मा पुत्र रामौतार शर्मा ने रविवार की शाम 6 बजे बाजार से सामान लेकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जब वह अशोक नगर से देवरखेड़ा मार्ग पर सिंह फार्म हाउस के पास पहुंचे तो सड़क पर जलभराव होने व सामने से कार आने पर सड़क किनारे बाइक रोक ली। तभी पास स्थित झांडियों से साप निकलकर आया और देवेंद्र शर्मा के दाये पैर के तलबे में डस लिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें बेहोशी की हालत में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।


सीएचसी मे युवक का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

### लवित वार्ष्णेय प्रदेश महामंत्री मनोनीत

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नगर के लवित कुमार वार्ष्णेय की संगठन के प्रति आस्था व मेहनत को देखते हुए उन्हें संगठन का प्रदेश महामंत्री के अत्यंत महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया। उनके प्रदेश महामंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका समाज के प्रति सक्रियता, निस्वार्थ सेवा और पार्टी के सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय अत्यंत सराहनीय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व, ऊर्जा और दूरदर्शिता से पार्टी की नीतियां एवं जन-कल्याणकारी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचेंगे। इससे संगठन को एक नई गति और अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।



### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें डा. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, बृजेंद्र शर्मा, सुकेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मोहन से दिल क्यूं लगाया है, ये मैं जानू या वो जाने, राजेश शंखधार ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आयेंगे, अजय सक्सेना ने राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊ गली-गली आदि सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

**भक्ति भाव** कथा में प्रद्युम्न जन्म, शंबरासुर वध एवं सुदामा चरित्र का भावपूर्ण किया वर्णन

# भगवान श्रीकृष्ण की 16108 पत्नियों का प्रसंग सुन भक्त हुए मंत्रमुग्ध

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अष्टम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य।

महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विवाह संस्कार के उपरांत रुक्मिणी के गर्भ से एक पुत्र का प्राकट्य हुआ जो प्रद्युम्न नाम से विख्यात हुआ। जन्म के छठे दिन ही शंबरासुर ने उस बालक का अपहरण कर लिया और उसे समुद्र में फेंक दिया। समुद्र में फेंकने पर उस बालक को एक मछली ने निगल लिया। वह मछली एक मछुआरे द्वारा पकड़ी गई और राजा शंबरासुर के पास ही ले जाई गई। राजा ने उस मछली को अपने रसोईघर में भिजवा दिया। रसोईघर में कार्य करने वाली मायावती ने जब मछली को चीरा तो उसमें से वह पुत्र प्राप्त हुआ। उसने उस पुत्र का पालन-पोषण किया और नाना प्रकार की शिक्षा दी। नारद के कहने पर भगवान प्रद्युम्न ने शंबरासुर का वध किया और मायावती, जो पूर्व जन्म में कामदेव की पत्नी रति थीं, उनके साथ विवाह कर द्वारिका पधारे।

द्वारिका में आने पर सभी ने भगवान प्रद्युम्न और उनकी पत्नी का सम्मान किया। किंतु माता रुक्मिणी के स्तनों से दुग्ध की धारा बहने लगी जिससे रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा महाराज, यदि मेरा पुत्र आज जीवित होता तो ऐसा ही होता। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा यह आपका ही पुत्र है और पुत्र एवं पुत्रवधू की भगवान श्रीकृष्ण ने बड़े प्रेम से अगवानी की। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की 16108 पत्नियां कैसे प्राप्त हुईं, यह प्रसंग भी महाराज ने सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह का वर्णन सुनकर सभी श्रोता आनंदित हुए एवं जय-जयकार करने लगे। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान अनिल कुमार, अलका अग्रवाल, धीरेंद्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, अमित आयरन, हिमांशु अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, वीरेन्द्र कुमार सराफ, अरविंद कुमार सराफ, सौरभ सराफ, विनय 'मोनू' अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

# वक्फ दर्ज मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई का आरोप

- सपा सांसद बोले: प्रशासन ने जल्दबाजी में की कार्रवाई, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती

> अब बहुत हो चुका। हम अपने धार्मिक स्थलों के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मस्जिदों और मदरसों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। आज नहीं तो कल इंसाफ जरूर मिलेगा। यदि किसी अधिकारी ने कानून के खिलाफ काम किया है, तो उसकी जवाबदेही तय होगी।
> **–जियाउर्रहमान बर्क, सांसद, संभल**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**संभल।** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने थाना नखासा क्षेत्र के गांव करेरुआ में एक मस्जिद पर हुई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि यह कार्रवाई राजनीतिक मंशा के तहत की गई है और देश भर में धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की एक कड़ी है।

रविवार को नखासा स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद बर्क ने कहा कि जिस मस्जिद को ध्वस्त किया गया, वह लगभग 150 वर्ष पुरानी थी। उनके अनुसार, उक्त मस्जिद वर्ष 1984 से वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज है तथा वर्ष 1995 के उत्तर प्रदेश गजट में भी इसका उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके पास मस्जिद से संबंधित वक्फ रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं, जिन्हें अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।

सांसद ने कहा कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों की सुनवाई का अधिकार केवल वक्फ ट्रिब्यूनल को है। उनका आरोप है कि तहसीलदार, एसडीएम, डीएम अथवा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले तहसीलदार स्तर पर मामला खारिज हो चुका था और बाद में यह अपील जिलाधिकारी न्यायालय में लंबित थी।

सांसद ने आरोप लगाया कि नए जिलाधिकारी ने पहली ही सुनवाई में निर्णय सुना दिया और प्रभावित पक्ष को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आदेश रात में जारी किया गया और अगले ही दिन मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई कर दी गई। बर्क के अनुसार, यह सब इसलिए किया गया ताकि प्रभावित पक्ष उच्च अदालतों से राहत प्राप्त न कर सके।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शनिवार और रविवार को न्यायालयों के अवकाश का लाभ उठाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिससे स्टे ऑर्डर लेने की संभावना समाप्त हो जाए। सांसद ने संबंधित अधिकारियों पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कार्य करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। साथ ही, संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना समेत अन्य कानूनी कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है।

उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर आपसी विवाद से बचते हुए संविधान और कानून के दायरे में रहकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए। यदि किसी मस्जिद, मदरसे या अन्य धार्मिक स्थल के साथ अन्याय होता है तो उसका समाधान न्यायालय के माध्यम से तलाशा जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि वह क्षेत्र की जनता को अकेला नहीं छोड़ेंगे और उनकी आवाज सड़क से लेकर संसद तथा अदालत तक उठाते रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से न्याय अवश्य मिलेगा और यदि किसी अधिकारी ने कानून के विरुद्ध कार्य किया है तो उसकी जवाबदेही भी तय होगी।

## मोहल्ले के युवकों ने युवक को जमकर पीटा

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित न्यू बाईपास पर कुछ युवकों ने मोहल्ले के युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। युवक बचाने पहुंची बहन व छोटे भाई को भी युवकों ने मारपीट की। घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी निवासी शेखर पुत्र टूनी पाल को रविवार की शाम 5.30 बजे मोहल्ले के 5-6 युवक अपने साथ बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित न्यू बाईपास के पास ले गए। जहां युवकों ने शेखर के मारपीट शुरू कर दी और उसे जमकर पीटा। घटना की सूचना मिलने पर युवक की बहन कंचन व छोटा भाई अनुराग उसे बचाने पहुंचे तो उक्त युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की।

# बी.एम.बी.एल. जैन सेवा न्यास की ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में 9,987 प्रतिभागियों ने लिया भाग

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बाबू मुकुट बिहारी लाल (बी.एम.बी.एल.) जैन सेवा न्यास द्वारा आयोजित ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 9,987 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जीव दया एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह पूर्वक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि बी.एम.बी.एल. जैन सेवा न्यास सेवा, संस्कार एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित वृक्ष कटान और बढ़ता प्रदूषण वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रमुख कारण हैं, जिनका प्रभाव समूची मानवता पर पड़ रहा है। इन चुनौतियों का समाधान अधिकाधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने में निहित है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही बताया कि न्यास द्वारा आगामी जुलाई माह में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को और गति मिलेगी। न्यास सचिव नमन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम निर्णायक मंडल द्वारा परीक्षण उपरांत 21 जून तक घोषित किए जाने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

ऑनलाइन प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन संभव जैन एवं अमन जैन एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलका जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, अक्षय राठौर, अमित कुमार, अंकित कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। न्यास ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया।

## सार संक्षेप


पौधारोपण करते हुए भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं अन्य। -जागरण मोर्चा

### एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ ने किया पौधारोपण

**हसनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा चलाई गई योजना एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत रविवार को नगर की ग्रीन सिटी कॉलोनी के पार्क में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष शोभित शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही ब्राह्मण बंधुओं द्वारा फूल माला बनाकर स्वागत किया गया उसके बाद भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्क में पौधारोपण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार हर वर्ग को साथ लेकर कार्य कर रही है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत एक पौधारोपण अवश्य करें और उसकी देखभाल करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शोभित शर्मा, नन्दन, विशाल शर्मा, अतुल शर्मा, प्रशान्त शर्मा, नितिन शर्मा, सिद्धू शर्मा, हिमांशु शर्मा, अक्षय शर्मा, प्रियांशु, पुनीत, विभोर आदि पदाधिकरण व सदस्य मौजूद रहे।

### कोतवाली क्षेत्र के गांव में पुरानी रंजिश पर बवाल, दो पक्षों में पथराव का लाइव वीडियो हुआ वायरल


गांव में पथराव करते ग्रामीण।

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाटुपुरा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस ने गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर भी मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हालात फिलहाल नियंत्रण में हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह सम्मानित


प्रधानाचार्य को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

**हसनपुर।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत, तहसील हसनपुर (ग्रामीण) में तैनात प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह (प्राथमिक विद्यालय, गुलामपुर, विकास क्षेत्र गंगेश्वरी) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें जनगणना में पर्यवेक्षक के रूप में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सौंपा गया था, जिसे उन्होंने अत्यंत निष्ठा, कुशलता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने रामवीर सिंह के अनुशासन, कर्तव्य परायणता और समर्पण भाव की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में उनका योगदान अनुकरणीय है और अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसी क्रम में, हसनपुर ब्लॉक के प्रधानाध्यापक सोम सिंह को भी उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, उपजिलाधिकारी हसनपुर हिमांशू उपाध्याय और तहसीलदार लकी सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया। रामवीर सिंह की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग और स्थानीय निवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### जनपद का मामला सोशल मीडिया पर वायरल करने पर व्यक्ति गिरफ्तार

**चंदौसी।** जनपद में एक मामले को सोशल मीडिया पर वायरल करने पर एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात एक बजे घर से गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी होने पर उक्त व्यक्ति के परिचित व समाज के लोग सक्रिय हो गए और रविवार की सुबह एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी की। इसके बाद शाम को न्यायालय ने उक्त व्यक्ति को जमानत दे दी। शहर के एक व्यक्ति ने जनपद का एक मामले सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसको लेकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया और शनिवार की रात उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। जब उक्त घटना की जानकारी उक्त व्यक्ति के परिचितों को हुई, तो पुलिस से मामले की जानकारी ली गई। रविवार की सुबह काफी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे और उक्त व्यक्ति को छोड़ने की बात कही।

# अधिवक्ता द्वारा सुपारी देने सम्बन्धी सभी आरोप झूठे हैं : वेदपाल सिंह

### जिला सहकारी बैंक के निदेशक ने की पत्रकार वार्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते। -जागरण मोर्चा

**गजरौला।** रविवार को जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ-वेदपाल सिंह ने अधिवक्ता डॉ-रविन्द्र शुक्ल द्वारा हत्या की सुपारी देने के सम्बंध में लगाए गए आरोपों को सिरे से नकारा। कहा कि इन आरोपों में कोई सत्यता नहीं है। अधिवक्ता की ताई से जब से उन्होंने भवन खरीदा है तब से वे बार बार दबाब बनाने के उददेश्य से झूठे मुकदमे दर्ज करा रहे हैं और झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच में सब कुछ साफ हो जाएगा।

रविवार को अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में चौ-वेदपाल सिंह ने बताया कि उनकी अधिवक्ता से कोई व्यक्तिगत रंजिश तो है नहीं जो वे ऐसी कोई साजिश रचें। उन्होंने अधिवक्ता की ताई से भवन आदि खरीदा है जिसको लेकर विवाद चल रहा है। इसलिए दबाब बनाने के उददेश्य से वह ऐसे मनगढंत आरोप लगा रहे हैं। कहा कि वे पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी एक हो जाए। यदि उनका दोष मिलता है उन पर कार्रवाई हो और यदि आरोप झूठे पाए जाते हैं तो अधिवक्ता पर भी मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अधिवक्ता पर कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें कई मुकदमों की धाराएं तो बेहद गंभीर हैं। चौ-वेदपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी आह्वान किया कि अधिवक्ता व उनके भाई भाजपा नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर केवल और केवल अपने फायदे के लिए वाहवाही लूटकर रौब गांठते हैं, इसलिए उनसे आगाह रहें। अधिवक्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

इस मौके पर मुन्नी देवी शुक्ल, रजनीश शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं अधिवक्ता डॉ-रविन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ-वेदपाल सिंह द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से उन पर लगाए गए आरोप असत्य हैं। वे इस तरह की बयानबाजी करके पूरे प्रकरण को एक नई दिशा की तरफ डायवर्ट कर रहे हैं, जिससे ये लोग उनकी हत्या करने के अपने मंसूबो में कामयाब हो सकें और पुलिस प्रशासन को गंभीर जांच से भटकाया जा सके। उन्होंने प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## नव नियुक्त नगर अध्यक्ष सोनू वर्मा का भव्य स्वागत, ज्वैलर्स एकता पर दिया जोर


नवनियुक्त नगर अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

**हसनपुर।** ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन रजि0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, जिला चेयरमैन राकेश वर्मा तथा जिला अध्यक्ष सुशील वर्मा द्वारा नगर अध्यक्ष पद पर सोनू वर्मा को मनोनीत किए जाने के उपलक्ष्य में शनिवार की देर रात्रि उनके प्रतिष्ठान पर एक भव्य स्वागत एवं आभार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोनू वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, जिला चेयरमैन राकेश वर्मा व जिला अध्यक्ष सुशील वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन ने उन्हें सौंपी है, वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगे। अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष ने ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य लक्ष्य स्वर्णकार समाज को एकजुट कर व्यापारियों की सुरक्षा, BNS 317(2) में सरलीकरण, स्वर्ण कला बोर्ड का गठन तथा शिक्षा-रोजगार जैसे मुद्दों पर सरकार से ठोस कार्यवाही कराना है। उन्होंने नगर के सभी ज्वैलर्स बंधुओं से कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान करते हुए कहा “जो समाज सबको सजाता है, अब समय आ गया है कि वो खुद संगठित होकर अपने हक की लड़ाई लड़े। किसी एक व्यापारी पर आंच आए तो पूरा संगठन उसके साथ खड़ा मिलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नरेन्द्र वर्मा, आदिश वर्मा, दीपक वर्मा, मोनू वर्मा, रानू रस्तोगी, मदन वर्मा, हरिओम वर्मा, निमिष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, अमन वर्मा, कृष्ण वर्मा, नीरज वर्मा, विशाल वर्मा, ओमी वर्मा, विवेक रस्तोगी, विशाल पाटिल, गणेश पाटिल, अनमोल, गिरीश सिंघल, मयंक सिंघल, कन्नू रस्तोगी, प्रमोद, सोनू रस्तोगी, संदीप अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में ज्वैलर्स बंधु उपस्थित रहे।

## आंबेडकर जन्मोत्सव पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**गजरौला।** जाटव कोर ग्रुप द्वारा भारतरत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित करने वाली 27 समितियों के 85 सदस्यों को सम्मानित करके उनके प्रयास की सराहना की गई, साथ ही बाबा साहब के दिऽाए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर के हाईवे स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा हमें बाबा साहब के दिखाये मार्ग पर चलते हुए उनके सिद्धांतो का अनुकरण करना चाहिए। स्वयं को चरित्रवान बनाना चाहिए और लक्ष्य के प्रति परिश्रम करते हुए आगे बढ़ना चाहिये। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति हेम सिंह आर्य ने कहा कि, बाबा साहब ने करोड़ों देशवासियों के मन में ज्ञान, संघर्ष, एकता का प्रकाश जगाने का कार्य किया। उनका व्यक्तित्व हम सबके के किये अनुकरणीय है। कहा कि हम सभी को समाज में फैली हुई कुरीतियां को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में समितियों के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर एवं बाबा साहब का चित्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 पृथी सिंह ने किया। इस मौके पर नेता होरी सिंह, वयोवृद्ध करन सिंह, फूल सिंह, श्याम सिंह, रेंजर करन सिंह, सुरेश चंद मौर्य, निर्देश, रविराज सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राजवीर सिंह, सुभाष चंद्रा, गोपाल सिंह, विजयप्रताप सिंह, किरनपाल सिंह, जयवीर सिंह, प्रीतम सिंह, दयाराम सिंह गौतम, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, बाबूराम बौद्ध, उदयभान सिंह, दीपचंद, चंद्रपाल सिंह, लखपत सिंह, विजयपाल सिंह, मलखान सिंह बौद्ध, धर्मेन्द्र कुमार भारती, जगबीर सिंह, नरेन्द्र कुमार कौशिक मौजूद रहे।

## रासपंचाध्यायी है भागवत कथा का सार: आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण

जागरण मोर्चा कार्यालय


भागवत कथा सुनते भक्त। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद।** सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के के छठे दिन व्यासपीठ से आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण जी ने भागवत कथा के गूढ़ होने के सैंडबर्ग में कहा कि जो राजा परीक्षित इस प्रश्न को लेकर शुकदेव परमहंस के सम्मुख उपस्थित होते हैं कि मृत्यु जिसके समीप हो उस पुरुष का कर्तव्य क्या है, वह राजा इस बात को भूल जाता है कि मृत्यु भी कुछ होती है।

जीव को मृत्यु के बोध से पार ले जाना ही भागवत कथा की सार्थकता है। दसवें स्कंध के उनतीसवें अध्याय की चर्चा करते हुए आचार्य ने रासलीला प्रसंग से परिचय कराया। रासपंचाध्यायी के महत्वपूर्ण प्रसंग पर कहा कि दशम स्कंध श्रीमद् भागवत कथा का सार तत्व है, रास पंचाध्यायी दशम स्कंध का सार तत्व है और गोपी गीत रास पंचाध्यायी का सार तत्व है। इसके पाठ से मनुष्य को साक्षात् नारायण का साक्षात्कार हो जाता है।

श्रीकृष्ण की विरह में गोपियों की दशा का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि कृष्ण की तरह गति-मति, भावभंगिमा को गोपियाँ अपने आप में अनुभव करती हैं और कृष्ण स्वरूप हो जाती हैं। महारास के अद्भुत प्रसंग के बाद सुदर्शन और शंखचूड़ के उद्धार की कथा कही गई। युगलगीत का भावुक प्रसंग कहते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान कृष्ण के गौओं को चराने के लिए वन में चले जाने पर उनके साथ गोपियों के चित्त भी चले जाने और कृष्ण के चिंतन में उनकी लीलाओं का गान करने का अद्भुत वर्णन किया। उसके बाद केशी और व्योमासुर के उद्धार का कथा-प्रसंग कहते हुए अक्रूर जी की व्रज यात्रा और कृष्ण-बलराम के मथुरा आगमन का प्रसंग कहा गया।

कुब्जा पर भगवान की कृपा के बारे में चर्चा करके भगवान और भक्त के सबन्ध की महिमा को रेखांकित किया गया। कंस के उद्धार के बाद आचार्य जी ने भगवान कृष्ण के यज्ञोपवीत की कथा सुनाई। और उसके बाद उद्धव और गोपियों के बीच बातचीत के प्रसंग पर बहुत भावपूर्ण अर्थ सम्पादित करते हुए भ्रमर गीत का भावानुवाद किया।

## सांड के हमले में घायल वृद्ध चौकीदार की उपचार के दौरान मेरठ में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर भूड़ लिंक मार्ग पर एक सांड ने आम के बाग की रखवाली कर रहे एक वृद्ध चौकीदार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वृद्ध चौकीदार बुरी तरह घायल हो गया था।

जान कारी के अनुसार, अमरोहा नगर के मोहल्ला कटरा निवासी राम रतन पुत्र हरकिशन लगभग 60 वर्षीय शनिवार शाम को रामपुर भूड़ लिंक मार्ग पर स्थित एक बाग में आमों की रखवाली कर रहे थे। इसी बीच अचानक एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने राम रतन को सींगों पर उठाकर पटक-पटक कर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पास के बागों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर बमुश्किल सांड को भगाया और गंभीर हालत में राम रतन को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां वृद्ध चौकीदार की हालत को गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया था। रविवार की सुबह मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान चौकीदार की मौत हो गई। मृतक वृद्ध चौकीदार की शादी नहीं हुई थी और वह बोल भी नहीं पाते थे, वह गूगा था। मृतक के परिजन सबको लेकर अपने घर पहुंच रहे हैं।

## राशन की दुकान को लेकर हुए पथराव में दोनों पक्षों के 15 लोग घायल

- **दोनों पक्ष घायलों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में राशन की दुकान को लेकर चल रही रंजिश के दौरान दो पक्षों में पथराव हो गया जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। पथराव के दौरान दोनों पक्षों के 15 लोग घायल हो गए घायल अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाटुपुरा मैं राशन की दुकान को लेकर दो पक्षों में काफी दिनों से रंजिश चली आ रही है, जिसके तहत दोनों पक्षों ने तहसील में भी धरना प्रदर्शन किया था। रविवार की दोपहर राशन की रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में जमकर पथराव हो गया जिससे गांव में हड़कंप मच गया और किसी ग्रामीण द्वारा पथराव की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इसके बाद पुलिस गांव पहुंची और मामले को शांत कराया। पथराव में प्रथम पक्ष के मेवाराम, इमरत, सुशील, तीरथ, मंगला, अरुन एवं द्वितीय पक्ष के रामपाल, अरविंद, मुखिया, सुखपाल, जितेंद्र, संजीव, अरुन, विद्या, निमना घायल हो गए। कोतवाली पुलिस को दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि पथराव के मामले में दोनों पक्षों के 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**बैठक** — योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उनका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए

# भाजपा जन कल्याण मंच की महत्वपूर्ण जिला बैठक का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष भीष्म सिंह खड़गवंशी।


भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं अन्य।

**हसनपुर।** रविवार को भाजपा जन कल्याण मंच के नगर स्थित जिला कार्यालय पर संगठनात्मक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भीष्म सिंह खड़गवंशी ने की।

बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक उनका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य करे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि जनपद अमरोहा को शीघ्र ही भाजपा जन कल्याण मंच का नया जिला अध्यक्ष मिलने जा रहा है, जिसके नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उन्हें संगठन द्वारा प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपे जाने की संभावना है।

बैठक में प्रमुख रूप से कलुवा सिंह खड़गवंशी, रुमाल सिंह सैनी, आशु चौहान, मनु कुमार लोहिया, राजपाल सिंह जाटव, दिनेश कुमार लोहिया, बबलू सिंह सैन, पवन, सीमा यादव, कुसुम लता यादव, जगदीश सिंह, संजय राणा, मनोज राणा, नेमचंद सिंह खड़गवंशी, रूप किशोर राणा, जगपाल सिंह, विनोद खड़गवंशी, कोशिनदर गुर्जर, विक्रम राणा, वीर सिंह, महेंद्र सिंह, मधु यादव, ऊदल सिंह, अर्जुन सिंह, प्रिंस चौहान, चन्द्रशेन राणा, राजपाल सिंह, विषय कुमार, गोपीचंद, अनिल राणा, मानसिंह, सौराज, ऋषिपाल, लालसिंह, अनिल कुमार, मंगला सिंह, प्रेमशंकर, ललित राणा, हरिराज राणा आदि मौजूद रहे।

# 20 लाख के ऋण में घोटाले का आरोप: कोर्ट के आदेश पर दर्ज होगी एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** महिला स्वयं सहायता समूह के नाम पर संचालित प्राकृतिक पेंट फैक्ट्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं, फर्जी बिलिंग और लाखों रुपये के गबन के आरोपों ने एक बार फिर सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में न्यायालय ने शिकायतकर्ता ज्योति सिंह की अर्जी स्वीकार करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

शिकायतकर्ता ज्योति सिंह, जो शिव पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष रहीं, ने अधिवक्ता मोहम्मद फुरकान खान के माध्यम से न्यायालय में आरोप लगाया कि समूह के नाम पर बैंक ऑफ बड़ौदा, घटपुरी शाखा से 20 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कराया गया था। आरोप है कि समूह से जुड़े कुछ जिम्मेदार लोगों एवं अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ कर फैक्ट्री में लगाई गई मशीनों के फर्जी और बढ़े हुए मूल्य के बिल तैयार कर सरकारी धन के दुरुपयोग का खेल खेला। याचिका के अनुसार, ब्लॉक मिशन मैनेजर राहुल कुमार सहित अन्य नामजद लोगों ने फैक्ट्री संचालन और कच्चा माल खरीदने के नाम पर शिकायतकर्ता से जनवरी 2022 से जुलाई 2022 के बीच कई बार ऑनलाइन और यूपीआई के माध्यम से रुपये ट्रांसफर कराए। आरोप है कि यह धनराशि आज तक वापस नहीं की गई। इतना ही नहीं, शिकायतकर्ता का कहना है कि भरोसे में लेकर समूह के बैंक खातों



से जुड़े चेकों पर हस्ताक्षर भी करा लिए गए और बाद में उनका उपयोग बिना जानकारी के किया गया। ज्योति सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्हें कथित वित्तीय गड़बड़ियों की जानकारी हुई और उन्होंने डीएम, सीडीओ तथा मुख्यमंत्री पोर्टल सहित विभिन्न स्तरों पर शिकायतें कीं, तब उन्हें धमकियां दी गईं। शिकायत में कहा गया है कि विरोध करने पर उन्हें समूह से बाहर निकाल दिया गया तथा जान से मारने तक की धमकी दी गई।

गौरतलब है कि शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा पूरे मामले की सच्चाई केवल पुलिस विवेचना के माध्यम से ही सामने आ सकती है।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत आवेदन स्वीकार किया जाता है। साथ ही संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि शिकायत में वर्णित आरोपों के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित की जाए और उसकी रिपोर्ट निर्धारित अवधि में न्यायालय को उपलब्ध कराई जाए।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकारी योजना से जुड़े इस बहुचर्चित मामले में पुलिस जांच क्या खुलासे करती है और कथित गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होती है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो यह मामला स्वयं सहायता समूहों और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न साबित हो सकता है।

## सार संक्षेप



पौधारोपण करते संस्था के लोग। –जागरण मोर्चा

### जायंट्स ग्रुप के सदस्यों ने कोतवाली व सीओ आवास पर किया वृक्षारोपण

**बिसौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली सिटी द्वारा कोतवाली परिसर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कैंपस में वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के संयोजक चितरंजन गुप्ता ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है आने वाली पीढियां को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने के लिए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर चमन गिरी, संयोजक चितरंजन गुप्ता, सुमित गोयल, अभिनव अग्रवाल, डॉ. वैभव गुप्ता, अंकुर गुप्ता, डॉ. अंकुश गुप्ता, विपुल गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### पुलिस परीक्षा को लेकर के शहर में रहेगा रूट डायवर्जन

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा के दृष्टिगत यातायात के सुगम एवं सुदृढ़ संचालन को भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि डायवर्जन किए गया है। निम्न प्रकार रहेगा । डायवर्जन आठ जून सुबह सात बजे से दस जून दोपहर दी बजे तक रहेगा। बिल्सी मोड़– भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा। पटेल चौक– भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा। मझिया मोड़– भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा। केशव मण्डी चौकी– भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा।बदायूँ बरेली बाईपास (बी. आर.वी. तिराहा) – भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा। कुँवरगांव चौराहा– भारी वाहन ट्रक, ट्रौला, डीसीएम, ट्रैक्टर–ट्राली, आदि का डायवर्जन रहेगा।

### कार चालक से ऑटो चालकों ने की मारपीट, दो पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी निवासी मुकेश पाठक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार को अपनी कार से तिरंगा चौराहे से बिल्सी रोड की ओर जा रहा था। जहां ऑटो वालों ने रोड को जाम कर रखा था। जिस पर उसने आपत्ति जताई। जिस पर दो ऑटो चालक सुमेर व दानिश निवासीगण राजो वाला कुआं बिसौली ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### जेवर लेकर प्रेमी के साथ प्रेमिका फरार

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री 5 जून की सुबह 5 बजे घर से कहीं चली गई है। जानकारी करने पर पता कि उसकी पुत्री को गांव निवासी शिवम कश्यप पुत्र नन्हेंलाल बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर से जाते समय पुत्री घर में रखा जेवर भी अपने साथ ले गई है। पीड़ित पिता ने आरोपित पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

## मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव हथनीभूड़ की घटना, युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिजन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मूसाझाग क्षेत्र में एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर राजकीय मेडीकल कालेज पहुंचे, जहां देररात युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है।



अर्जुन का फाइल फोटो।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव हथनीभूड़ निवासी अर्जुन (25) पुत्र ओमकार खेतीबाड़ी करता था। अर्जुन की अपनी पत्नी कुसुमा से आए दिन कहासुनी होती रहती थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर कुसुमा दो दिन पहले पति के मौसी के घर चली गई। जब वह अपनी पत्नी को लेने मौसी के घर गया तो पत्नी से ससुराल जाने से इंकार कर दिया। भाई विक्रम ने बताया कि वहां भी युवक ने पत्नी से मारपीट की और घर चला आया। घरेलू कहासुनी के चलते युवक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए राजकीय मेडीकल कॉलेज ले गए, जहां शनिवार रात 1 बजे उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मेडीकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर मूसाझाग पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो मासूम बेटियां हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

### 15 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर लटककर की खुदकुशी, परिवार में कोहराम

बदायूं। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव चंगासी में शनिवार रात एक किशोरी ने फंदे पर लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव चंगासी निवासी नेक्सू की पुत्री मोनी (15) शनिवार को घर पर अकेली थी। परिवार वाले किसी काम से बाहर गए थे। जब वह वापस घर लौटे तो मोनी का शव घर के बरामदे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। शव लटका देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिवार वालों से जानकारी ली। लेकिन परिवार वाले घटना के बारे में कुछ नहीं बता सके। एसओ पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। किशोरी के आत्मघाती कदम उठाने का कारण पता नहीं चल सका है। घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि होगी। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिसौली में खनन माफियाओं के खिलाफ चला अभियान, पुलिस को सौंपे वाहन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने अब पूरी ताकत झोंक दी है। लगातार मिल रही शिकायतों और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को देखते हुए तहसील प्रशासन ने खनन माफियाओं के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ दिया है। प्रशासन की इस शक्ति से अवैध खनन में शामिल लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

तहसील क्षेत्र के कई गाँवों में खाकी की सांठ गांठ से दिन रात चल रहा है। जहां शाम ढलते ही खनन माफियाओं का साम्राज्य जाग जाता है। एसडीएम, आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने छापामार कार्यवाही की। नायब तहसीलदार की गाड़ी देखकर खनन माफिया अवैध खनन स्थल पर वाहन छोड़कर भाग निकले। इस दौरान नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह एवं नायब तहसीलदार अमित चौधरी ने अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने एक वार्ता में कहा कि अवैध खनन स्थल की पैमाइश कराकर आकलन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अवैध खनन करने - कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, इस मामले में बड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील प्रशासन जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रहा है और आरोपियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# महिला की ट्रेन से कटकर मौत, रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला क्षत-विक्षत शव

- पारवारिक विवाद के चलते महिला देर रात घर से निकली
- महिला की मौत से परिवार में कोहराम, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देररात एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसका क्षतविक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते तारावती के परिजन। –जागरण मोर्चा

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव वसोमा निवासी तारावती (40) पत्नी संजोग के घर में कई दिन से पारिवारिक कलह चल रही थी। जिससे वह काफी परेशान थी। शनिवार देररात वह चुपचाप घर से निकलकर रेलवे ट्रैक की ओर चली गई। इसी दौरान मथुरा से बदायूं आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, जब तारावती काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु कर दी। उसकी तलाश में परिजन रेलवे ट्रैक पर पहुंचे तो वहां एक शव पड़ा मिला।

परिजनों ने शव की शिनाख्त तारावती के रुप में की। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।




डोंडा के साथ खड़े तस्कर। –जागरण मोर्चा

# मादक पदार्थ की तस्करी करते दो लोग गिरफ्तार, 46 किलो डोडा छिलका बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 46 किलो डोडा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि थाना अलापुर पुलिस ने जयपाल व बदन सिंह को गभियाई नगला जाने वाले मार्ग कच्ची चकरोड पर सरकारी नलकूप के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त जयपाल व बदन सिंह ने बताया कि हम दोनो के पास अफीम की खेती का सरकारी लाइसेंस है। हम लोगो ने अफीम निकालने के बाद बाकी बची डोडा की कुछ मात्रा छिपाकर नष्ट न करते हुए अपने पास रख ली थी, जिसे रास्ते पर चलते हुए लोगो को बेचकर अपना खर्च चला लेते है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# बिनावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 418 ग्राम अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिनावर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए 418 ग्राम अफीम के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के कब्जे से एक मारुति सुजुकी कार भी बरामद की गई है, जिसका इस्तेमाल अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में किया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशानुसार जनपद में अपराध नियंत्रण एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना बिनावर पुलिस सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रही थी। शनिवार देर शाम करीब 9:05 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध अफीम लेकर रेलवे अंडरपास, ग्राम उसैता के पास आने वाले हैं।

सूचना मिलते ही थाना बिनावर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध वाहन आते दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में सवार चार लोगों के पास से 418 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिवकुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला कटरा चांद खां थाना बारादरी, बरेली; देवेन्द्र मौर्य निवासी ग्राम सिरसवा थाना बिनावर; रामप्रकाश तथा नदीम निवासीगण ग्राम करतौली थाना बिनावर, बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त मारुति सुजुकी जैन कार को भी सीज कर लिया गया है। इस मामले में थाना बिनावर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना बिनावर की टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, आरोपित पर केस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बरेली जिले के थाना सिरौली के एक गांव में रहने वाली युवती ने थाना फैजगंज बेहटा के गांव सीकरी निवासी नेकेन्द्र यादव पुत्र बादशाह पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है जब उसने युवक से शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद उसने आरोपित पर मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसमें उसकी उच्च न्यायालय से जमानत हो गई। 9 अप्रैल को वह जेल से बाहर आ गया। युवती का कहना है कि 17 अप्रैल को वह स्कूटी से गांव जा रही थी। रास्ते में वह आसफपुर के पास खड़ी होकर आराम करने लगी। इसी दौरान नेकेन्द्र वहां आ गया और मुकदमें में फैसले करने का दबाब बनाने लगा। जब उसने फैसला करने से मना किया तो आरोपित ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रेमी संग प्रेमिका फरार, परिजनों के साथ मारपीट में पिता-पुत्र पर केस

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 2 जून को प्रवेश पत्र लेने सहसवान गई थी। शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे काफी तलाश किया। इसी बीच उसे पता चला कि उसकी पुत्री को संभल जिले के थाना बनियाठेर के गांव बेहटा निवासी दयाशंकर पुत्र त्रिमल बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि जब उसने युवक के परिवार वालों से बेटी को लौटाने का कहा तो उन्होंने मारपीट की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दयाशंकर व उसके पिता त्रिमल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**दुखद** सुरैनी पापड़ी हादसे में जान गंवाने वाले जयवीर और राजेश यादव के परिजनों से मिले, मनवीर के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

# दसवां संस्कार में उमड़ा जनसैलाब, भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफ़पुर।** गांव सुरैनी पापड़ी में मेंथा टैंक हादसे में जान गंवाने वाले सगे भाइयों जयवीर यादव और राजेश यादव के दसवां संस्कार में रविवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोकसभा में पहुंचे लोगों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती तीसरे भाई मनवीर यादव के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की गई।



दोनों भाइयों के दसवां संस्कार में बदहाल परिजन व उमड़ी भीड़। –जागरण मोर्चा

भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरिओम पाराशरी के नेतृत्व में पूर्व मंडल अध्यक्ष मयंक पाठक, अंकुर पाराशरी, पवन पाराशरी, अभय यादव, धीरेश शर्मा, वैभव शर्मा, गोविंद मिश्रा और पिंटू मौर्य समेत कई लोग गांव पहुंचे। नेताओं ने मृतक भाइयों के पिता बट्टू सिंह यादव और अन्य परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। घर के बाहर अब भी मातम पसरा हुआ है। महिलाओं की सिसकियां सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिजन अब भी इस हादसे को याद कर बदहवास हो उठते हैं।

भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिओम पाराशरी ने कहा कि यह हादसा बेहद हृदयविदारक है। एक साथ दो जवान बेटों की मौत ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाज परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष मयंक पाठक ने कहा कि भाइयों के बीच ऐसा प्रेम कम देखने को मिलता है। एक भाई को बचाने के लिए दूसरे भाइयों का भी टैंक में उतर जाना बेहद भावुक कर देने वाला है।

यह घटना पूरे क्षेत्र को झकझोर देने वाली है। भाजपा कार्यकर्ता वैभव शर्मा ने मुरादाबाद में भर्ती मनवीर यादव के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि पूरा क्षेत्र उसके लिए दुआ कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि मनवीर जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटे और टूट चुके परिवार का सहारा बने। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे गांव सुरैनी पापड़ी में मेंथा टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से जयवीर यादव (35) और राजेश यादव (22) की मौत हो गई थी।

दोनों भाइयों को बचाने के प्रयास में तीसरा भाई मनवीर यादव भी गैस की चपेट में आ गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद के लाल सिंह मेमोरियल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां वह आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर भर्ती है। परिजनों के अनुसार डॉक्टरों ने उसकी हालत में पहले से हल्का सुधार बताया है। शोकसभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। गांव में अब भी हर तरफ इसी हादसे की चर्चा है और लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

# प्रधान के भाई के मकान पर चला बुलडोजर

- होलिका दहन स्थल पर कराया था अवैध निर्माण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव इकरी में होली दहन स्थल की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से इस संबंध में शिकायतें की जा रही थीं, जिसके बाद जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया।

ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में होली दहन के लिए निर्धारित सार्वजनिक स्थल पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर लिया गया था। इसके चलते प्रत्येक वर्ष होलिका दहन को लेकर ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तब मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम गांव पहुंची और बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया। बताया जाता है कि यह निर्माण ग्राम प्रधान के भाई तन्ना अंसारी का था। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान गांव में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और होली दहन स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने पर संतोष व्यक्त किया।

# सम्पादकीय

## आखिर आर्थिक सुनामी के राजनीतिक व आर्थिक मायने मायने क्या हैं?

राहुल गांधी की "आर्थिक सुनामी" वाली चेतावनी को फिलहाल एक राजनीतिक चेतावनी और आर्थिक जोखिमों पर विपक्षी आक्रमण के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि उनका यह कहना कि भारत निश्चित रूप से आर्थिक सुनामी की ओर बढ़ रहा है, अभी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी होगी। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों और घरेलू आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस बहस को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। आर्थिक मामलों के जानकार बताते हैं कि भारत में वास्तव में "आर्थिक सुनामी" आएगी या नहीं, इसका कोई निश्चित उत्तर अभी नहीं दिया जा सकता। लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हाल में दी गई चेतावनी ने आर्थिक और राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है। क्योंकि राहुल गांधी का तर्क है कि वैश्विक संकट, विशेषकर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, महंगाई, ईंधन कीमतों और आर्थिक असमानता के कारण भारत एक बड़े आर्थिक झटके की ओर बढ़ सकता है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के पास पर्याप्त "शॉक एब्जॉर्बर" हैं–विदेशी मुद्रा भंडार, नियंत्रित महंगाई, खाद्यान्न भंडार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और मजबूत कर-संग्रह जैसी व्यवस्थाएं–जो बाहरी संकटों का सामना करने में सक्षम हैं।

भारत के सामने कुछ वास्तविक चुनौतियाँ हैंः जैसे वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि की आशंका। निर्यात और निवेश पर अंतरराष्ट्रीय तनाव का असर। रोजगार सृजन की चुनौती। और कृषि और एमएसएमई क्षेत्र पर दबाव। लेकिन साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है, और कई आर्थिक संकेतक अभी व्यापक संकट की पुष्टि नहीं करते। जानकार बताते हैं कि आर्थिक सुनामी कोई औपचारिक आर्थिक शब्द नहीं है, बल्कि ऐसी स्थिति को बताने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब अर्थव्यवस्था को अचानक और व्यापक झटका लगे तथा उसके प्रभाव दूरगामी हों। इसके कुछ संकेत हो सकते हैं- जीडीपी वृद्धि दर में तेज गिरावट। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी। बैंकिंग या वित्तीय संकट। शेयर बाजार में भारी गिरावट। मुद्रा पर दबाव और महंगाई का बढ़ना। किसी भी सरकार या प्रधानमंत्री के रहते हुए आर्थिक संकट की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। अर्थव्यवस्था अनेक घरेलू और वैश्विक कारकों से प्रभावित होती है, जैसे–वैश्विक मंदी या वित्तीय संकट। तेल की कीमतों में असाधारण वृद्धि। बड़े युद्ध या भू-राजनीतिक तनाव। प्राकृतिक आपदाएं या महामारी। घरेलू नीति संबंधी गंभीर त्रुटियां। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था में कुछ ऐसी ताकतें भी हैं जो बड़े झटकों को सहने में मदद करती हैं– जैसे- विशाल घरेलू बाजार। अपेक्षाकृत मजबूत बैंकिंग और नियामक व्यवस्था। बढ़ता डिजिटल भुगतान तंत्र। बुनियादी ढांचे और विनिर्माण पर निवेश। विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त स्तर। दूसरी ओर, चुनौतियां भी मौजूद हैं–जैसे- युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार सृजन। कृषि आय में सुधार। निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता। और, आय असमानता और उपभोग मांग का प्रश्न। इसलिए निष्पक्ष रूप से कहा जाए तो "पीएम मोदी के रहते आर्थिक सुनामी निश्चित रूप से आएगी" या "कभी नहीं आएगी"– दोनों दावे तथ्यात्मक रूप से सिद्ध नहीं हैं। भारत की आर्थिक स्थिति कई संकेतकों पर अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है, लेकिन किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह यह वैश्विक और घरेलू जोखिमों से पूरी तरह मुक्त नहीं है। आर्थिक सुनामी की संभावना मुख्यतः नीतियों, वैश्विक परिस्थितियों और भविष्य की घटनाओं पर निर्भर करेगी, न कि केवल किसी एक नेता की उपस्थिति या अनुपस्थिति पर। "आर्थिक सुनामी" एक रूपक है, जिसका अर्थ है ऐसा व्यापक और तीव्र आर्थिक संकट जो समाज, बाजार, उद्योग, रोजगार और सरकार की वित्तीय स्थिति को एक साथ प्रभावित कर दे। जिस प्रकार समुद्री सुनामी अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को झकझोर देती है, उसी प्रकार आर्थिक सुनामी भी अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों पर गहरा असर डालती है।

# पुतिन के सुखोई एसयू-57 की क्षमता और भारत



रूस के पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुखोई एसयू-57 को लेकर हाल के महीनों में भारत और रूस के बीच फिर से गंभीर चर्चा शुरू हुई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को केवल तैयार विमान बेचने का प्रस्ताव ही नहीं दिया, बल्कि प्रौद्योगिकी अंतरण और भारत में सह-उत्पादन का भी प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भारतीय वायुसेना लंबे समय से अपने घटते वायु-दस्तों और चीन-पाकिस्तान की संयुक्त चुनौती को लेकर चिंतित है। ऐसे समय में यदि भारत को आधुनिक गुप्त-प्रवेशी तकनीक वाला लड़ाकू विमान घरेलू उत्पादन के साथ प्राप्त होता है, तो यह सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है।



मेजर सरस् त्रिपाठी

सुखोई एसयू-57 रूस का पहला पाँचवीं पीढ़ी का गुप्त-प्रवेशी लड़ाकू विमान है। इसे अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन एफ-22 रैप्टर और लॉकहीड मार्टिन एफ-35 लाइटनिंग-II की चुनौती के रूप में विकसित किया गया था। यह विमान उच्च गति, अत्यधिक युद्धक फुर्ती, लंबी दूरी की मारक क्षमता तथा आधुनिक संवेदी तंत्र से लैस है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह अतिध्वनिक सतत उड़ान क्षमता रखता है, अर्थात बिना पश्च-दहन प्रणाली के ध्वनि की गति से अधिक तेज उड़ सकता है। इसके अतिरिक्त इसमें आंतरिक हथियार भंडारण की व्यवस्था है, जिससे इसकी रडार पर पकड़ कम होती है।

भारत और रूस पहले भी पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम (एफजीएफए) के अंतर्गत संयुक्त रूप से उन्नत लड़ाकू विमान विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ चुके थे। परंतु लागत, तकनीकी अस्पष्टता तथा विमान की गुप्त-प्रवेशी क्षमता को लेकर भारतीय पक्ष की शंकाओं के कारण भारत 2018 में इस परियोजना से अलग हो गया था। अब रूस ने नए सिरे से भारत को यह प्रस्ताव दिया है कि यदि भारत चाहे तो एसयू-57 का उत्पादन भारत में किया जा सकता है और भारतीय उद्योगों को प्रौद्योगिकी अंतरण भी दिया जा सकता है। यह प्रस्ताव 'भारत में निर्माण' और आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की नीति के अनुरूप दिखाई देता है।

रूस का यह प्रस्ताव कई कारणों से आकर्षक है। पहला कारण यह है कि अमेरिका अपने अत्याधुनिक पाँचवीं पीढ़ी के विमानों की तकनीक भारत को देने के पक्ष में अभी तक पूरी तरह तैयार नहीं दिखता। अमेरिका भारत को एफ-35 लाइटनिंग-II बेचने पर विचार कर सकता है, परंतु उसके उत्पादन अथवा व्यापक प्रौद्योगिकी अंतरण की संभावना बहुत सीमित है। दूसरी ओर रूस लंबे समय से भारत का रक्षा सहयोगी रहा है और उसने ब्रह्मोस प्रक्षेपास्त्र, सुखोई-30 एमकेआई तथा टी-90 टैंक जैसे अनेक संयुक्त कार्यक्रमों में भारत के साथ कार्य किया है। इसलिए भारत को लगता है कि रूस अपेक्षाकृत अधिक तकनीकी साझेदारी देने को तैयार हो सकता है।

हालाँकि इस प्रस्ताव के साथ कई प्रश्न भी जुड़े हुए हैं। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या एसयू-57 वास्तव मां उतना सक्षम है जितना रूस दावा करता है? पश्चिमी देशों के अनेक रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि एसयू-57 की गुप्त-प्रवेशी क्षमता अमेरिकी एफ-22 और एफ-35 जितनी उन्नत नहीं है। इसका रडार परावर्तन क्षेत्रफल अपेक्षाकृत अधिक बताया जाता है। इसके अतिरिक्त इसके प्रणोदक यंत्र कार्यक्रम में भी वर्षों तक देरी होती रही। रूस अभी तक इसके 'दूसरे चरण' के आधुनिक प्रणोदक यंत्र को पूरी तरह व्यापक स्तर पर तैनात नहीं कर पाया है। यूक्रेन युद्ध के दौरान भी एसयू-57 की सीमित तैनाती ही देखने को मिली, जिससे इसकी वास्तविक युद्ध क्षमता पर बहस जारी है।

फिर भी यह कहना गलत होगा कि एसयू-57 एक कमजोर विमान है। वास्तव में इसकी कुछ विशेषताएँ पश्चिमी विमानों से बेहतर मानी जाती हैं। इसकी युद्धक फुर्ती अत्यंत उन्नत है। इसके त्रिआयामी थ्रस्ट वेक्टरिंग प्रणोदक यंत्र इसे हवाई युद्ध में अत्यधिक चपलता प्रदान करते हैं। लंबी दूरी की वायु से वायु में मार करने वाली प्रक्षेपास्त्रें तथा अतिअतिध्वनिक अस्त्र ले जाने की क्षमता भी इसे खतरनाक बनाती है। रूस का दावा है कि यह विमान कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विमानीय इलेक्ट्रॉनिक तंत्र तथा संजाल-केंद्रित युद्ध प्रणाली से लैस है।

यदि विश्व के श्रेष्ठ लड़ाकू विमानों से तुलना की जाए, तो वर्तमान में अमेरिकी एफ-22 को अभी भी सर्वश्रेष्ठ वायु प्रभुत्व लड़ाकू विमान माना जाता है। एफ-35 बहुउद्देशीय क्षमता और संजाल-आधारित युद्ध प्रणाली में अत्यधिक उन्नत है। चीन का चेंगदू जे-20 भी तेजी से आधुनिक हो रहा है और चीन बड़ी संख्या में इसका उत्पादन कर रहा है। इन सबके बीच एसयू-57 की स्थिति मिश्रित कही जा सकती है। यह युद्धक फुर्ती और हथियार क्षमता में बहुत शक्तिशाली है, लेकिन गुप्त-प्रवेशी क्षमता और इलेक्ट्रॉनिक संजाल प्रणाली में अभी भी अमेरिकी विमानों से कुछ पीछे माना जाता है। फिर भी इसकी लागत एफ-22 और एफ-35 की तुलना में कम हो सकती है, जो भारत जैसे विकासशील देश के लिए इसे आकर्षक बनाती है।

भारतीय वायुसेना के संदर्भ में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है कि क्या एसयू-57 भारत की आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा? वर्तमान में भारतीय वायुसेना के वायु-दलों की संख्या घटकर लगभग 30-31 के आसपास रह गई है, जबकि आवश्यकता 42 वायु-दलों की मानी जाती है। चीन के पास बड़ी संख्या में आधुनिक लड़ाकू विमान हैं और पाकिस्तान भी चीन के सहयोग से अपने बेड़े को आधुनिक बना रहा है। ऐसे में भारत को शीघ्र ही उन्नत लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। एसयू-57 भारत को पाँचवीं पीढ़ी की युद्धक क्षमता अपेक्षाकृत शीघ्र उपलब्ध करा सकता है, विशेषकर तब जब भारत का स्वदेशी उन्नत मध्यम युद्धक विमान (एएमसीए) कार्यक्रम अभी विकास के चरण में है।

किन्तु दूसरी ओर यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी विदेशी विमान पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में रणनीतिक जोखिम उत्पन्न कर सकती है। रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण प्रतिस्थापन पुर्जों और तकनीकी आपूर्ति में समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त भारत को यह भी देखना होगा कि क्या एसयू-57 की तकनीक अगले 30 वर्षों तक प्रतिस्पर्धी बनी रहेगी। यदि भारत इस परियोजना में शामिल होता है तो उसे केवल खरीददार नहीं, बल्कि विकास भागीदार बनने का प्रयास करना होगा ताकि भारतीय उद्योगों को वास्तविक तकनीकी लाभ मिल सके।

इस पूरे विषय का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत को दीर्घकालीन दृष्टि अपनानी होगी। केवल तत्काल आवश्यकता के लिए विदेशी विमान खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। भारत को अपने एएमसीए कार्यक्रम, प्रणोदक यंत्र तकनीक, रडार प्रणाली और स्वदेशी अस्त्र विकास को भी समान महत्व देना होगा। यदि रूस का प्रस्ताव भारत को वास्तविक तकनीकी आत्मनिर्भरता प्रदान करता है, तो यह उपयोगी सिद्ध हो सकता है, लेकिन यदि यह केवल अनुज्ञप्ति-आधारित उत्पादन तक सीमित रह जाता है, तो इसका लाभ सीमित होगा।

अंततः यह कहा जा सकता है कि एसयू-57 भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सामरिक अवसर हो सकता है। रूस द्वारा प्रौद्योगिकी अंतरण और सह-उत्पादन का प्रस्ताव भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम सिद्ध हो सकता है। फिर भी भारत को इस प्रस्ताव का मूल्यांकन केवल राजनीतिक मित्रता के आधार पर नहीं, बल्कि तकनीकी, आर्थिक और सामरिक मानकों पर करना होगा। विश्व के श्रेष्ठ लड़ाकू विमानों की प्रतिस्पर्धा में एसयू-57 एक सक्षम और शक्तिशाली विमान अवश्य है, किन्तु यह अभी भी कुछ क्षेत्रों में अमेरिकी विमानों से पीछे माना जाता है। भारत के लिए सबसे उचित नीति यही होगी कि वह तत्काल सुरक्षा आवश्यकताओं और दीर्घकालीन आत्मनिर्भरता - दोनों के बीच संतुलन स्थापित करे।

**(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)**

## पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश से रक्षा संबंध बना रहा तुर्किये, भारत को दो तरफ से घेरने की रणनीति!

दक्षिण एशिया की बदलती भू राजनीतिक बिसात पर अब एक नया और बेहद खतरनाक समीकरण तेजी से उभर रहा है। भारत विरोधी रवैये के लिए लंबे समय से चर्चित तुर्किये अब केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने बांग्लादेश के साथ भी अपने रक्षा और सामरिक रिश्तों को तेजी से विस्तार देना शुरू कर दिया है। ढाका पहुंचे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने जिस तरह बांग्लादेश को दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, उसने नई दिल्ली की चिंता और गहरा दी है। इस बयान को भारत के चारों ओर रणनीतिक दबाव बनाने की सुनियोजित चाल के रूप में देखा जा रहा है। तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है। बांग्लादेश ने तुर्किये को रक्षा सामग्री निर्माण में निवेश का खुला न्योता दिया है। दोनों देशों ने पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही है। यह वही तुर्किये है जिसने पाकिस्तान के साथ मिलकर वर्षों तक भारत विरोधी मोचेबंदी की, कश्मीर मुद्दे पर खुलकर इस्लामाबाद का साथ दिया और इस्लामी सहयोग संगठन के मंचों पर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया। उधर, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता यह है कि तुर्किये अब भारत के पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान और पूर्वी मोर्चे पर बांग्लादेश के साथ समानांतर सामरिक रिश्ते बना रहा है। यह दो तरफा दबाव की रणनीति जैसी दिखाई देती है। पाकिस्तान पहले से ही तुर्किये के रक्षा उद्योग, ड्रोन तकनीक और सैन्य प्रशिक्षण का लाभ उठा रहा है। अब यदि वही ढांचा बांग्लादेश तक पहुंचता है, तो भारत के लिए सुरक्षा समीकरण और जटिल हो जाएंगे। खास तौर पर तब, जब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार अपनी विदेश नीति को नए ढंग से गढ़ने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, तुर्किये और बांग्लादेश के बीच केवल रक्षा सहयोग ही नहीं, बल्कि आर्थिक और संस्थागत साझेदारी भी तेजी से बढ़ रही है। दोनों देश व्यापार को तेरह अरब डॉलर से बढ़ाकर बीस अरब डॉलर तक ले जाने की तैयारी में हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में तुर्किये को निवेश का निमंत्रण दिया गया है। वस्त्र, दवा निर्माण, जहाज निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा रहा है। ढाका में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अस्पताल और नर्सिंग संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। यह साफ दिखाता है कि तुर्किये केवल सैन्य साझेदारी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रभाव स्थापित करने की नीति पर काम कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुर्किये दक्षिण एशिया में खुद को मुस्लिम दुनिया के प्रभावशाली संरक्षक के रूप में स्थापित करना चाहता है। रोहिंग्या मुद्दे पर उसकी सक्रियता, गाजा पर आक्रामक बयानबाजी और बांग्लादेश के साथ मानवीय सहयोग इसी रणनीति का हिस्सा हैं। लेकिन इसके पीछे छिपा बड़ा उद्देश्य क्षेत्रीय प्रभाव विस्तार और भारत की सामरिक चुनौती को बढ़ाना है। वैसे तो तुर्किये लगातार यह कह रहा है कि भारत को उसके पाकिस्तान से रिश्तों की वजह से उससे दूरी नहीं बनानी चाहिए। लेकिन असली सवाल भरोसे का है। राष्ट्रपति एर्दोआन कई बार खुलकर कश्मीर पर पाकिस्तान के समर्थन में बयान दे चुके हैं। तुर्किये ने पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा रिश्ते भी काफी मजबूत कर लिए हैं। इतना ही नहीं, पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरण और ड्रोन तक मुहैया कराए थे। भारत ने पाकिस्तान की तरफ से आए जिन कई ड्रोनों को मार गिराया था, उनमें तुर्किये में बने ड्रोन भी शामिल थे। ऐसे में तुर्किये का भारत से दोस्ती और संतुलन की बात करना नई दिल्ली को एक सोची समझी रणनीतिक चाल जैसा लगता है। यही वजह है कि भारत भी अब तुर्किये को उसी की भाषा में जवाब दे रहा है। दरअसल, भारत ने हाल के वर्षों में साइप्रस और ऑर्मीनिया के साथ अपने रक्षा संबंधों को तेजी से मजबूत किया है। ऑर्मीनिया अब भारतीय हथियारों का बड़ा खरीदार बन चुका है। साइप्रस के साथ भी भारत रणनीतिक और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह सीधे-सीधे तुर्किये को संदेश है कि यदि अंकारा भारत के पड़ोस में दखल बढ़ाएगा, तो नई दिल्ली भी तुर्किये के सामरिक क्षेत्र में जवाबी दबाव बनाएगी। जिस तरह तुर्किये पाकिस्तान और अब बांग्लादेश के जरिए भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, उसी तरह भारत भी तुर्किये के विरोधी या प्रतिस्पर्धी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। यह नई शीत प्रतिद्वंद्विता का संकेत है।

**–नीरज कुमार दुबे**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# बारिश की हर बूंद बने भविष्य की पूंजी

पहली बारिश की सोंधी खुशबू हर मन को आनंद से भर देती है। भारत में मानसून केवल एक मौसम नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव है। लेकिन इस उत्सव के पीछे एक ऐसा कड़वा सच छिपा है, जिसे हम हर साल नजरअंदाज कर देते हैं। जिस अमृत रूपी जल का हम महीनों इंतजार करते हैं, उसका बड़ा हिस्सा कुछ ही घंटों में नालियों के रास्ते बहकर व्यर्थ चला जाता है। फिर कुछ ही महीनों बाद हम पानी के लिए चिंतित दिखाई देते हैं। सवाल बारिश कम होने का नहीं, बल्कि बारिश के पानी को सहेजने की हमारी सोच और व्यवस्था का है।



प्रवीण कक्कड़

भारत आज गंभीर जल संकट की चुनौती का सामना कर रहा है। नीति आयोग की 'कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स' रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 60 करोड़ आबादी जल संकट से प्रभावित है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट चेतावनी देती है कि यदि वर्तमान गति से भूजल का दोहन जारी रहा, तो अगले दो दशकों में देश के 60 प्रतिशत ब्लॉक 'क्रिटिकल' श्रेणी में पहुंच सकते हैं। इसका अर्थ है कि पीने के पानी का संकट और गहरा होगा।

स्थिति की गंभीरता को नासा के GRACE सैटेलाइट अध्ययन भी रेखांकित करते हैं। इस अध्ययन के अनुसार भारत का उत्तर-पश्चिम और मध्य क्षेत्र, जिसमें मालवा अंचल भी शामिल है, दुनिया के उन क्षेत्रों में है जहां भूजल स्तर सबसे तेजी से गिर रहा है। वहीं केंद्रीय भूजल बोर्ड की 'डायनेमिक ग्राउंड वाटर रिसोर्सेज' रिपोर्ट बताती है कि देश के लगभग 14 प्रतिशत आकलित ब्लॉक 'ओवर-एक्सप्लॉइटेड' हो चुके हैं, अर्थात जितना पानी जमीन में पहुंचता है, उससे कहीं अधिक निकाला जा रहा है।

मध्यप्रदेश भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। मालवा और निमाड़ क्षेत्र में गर्मियों के दौरान भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में भी जल उपलब्धता भविष्य की बड़ी चिंता बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती आबादी, कंक्रीट के फैलते जंगल, सिकुड़ते तालाब और वर्षा जल का सीधे नालों में बह जाना इस संकट को और गंभीर बना रहा है।

विडंबना यह है कि जिस समस्या का समाधान हर साल आसमान से बरसता है, उसे हम स्वयं बहा देते हैं। वर्षा जल संचयन कोई जटिल या महंगी तकनीक नहीं, बल्कि जल सुरक्षा का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। विशेषज्ञों के अनुसार 1000 वर्गफीट की एक सामान्य छत पर होने वाली वर्षा से सालभर में लगभग 60 से 70 हजार लीटर पानी संरक्षित या भूजल में पुनर्भरित किया जा सकता है। यह एक औसत परिवार की कई महीनों की जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त है।

### जल साक्षरता के 10 अचूक मंत्र

- घर में बोरवेल हो तो छत के पानी को फिल्टर कर सीधे उसमें रिचार्ज करें।
- बोरवेल न हो तो सोकपिट या रिचार्ज पिट बनाकर पानी जमीन में उतारें।
- वर्षा जल को टंकी में संग्रहित कर बागवानी, सफाई और अन्य कार्यों में उपयोग करें।
- पुराने कुएं, बावड़ियों और जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करें।
- स्कूल और कॉलेज अपने परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाएं।
- उद्योग, अस्पताल और बड़े व्यावसायिक भवन अपनी छतों का उपयोग जल संचयन के लिए करें।
- आवासीय कॉलोनियां सामुदायिक रिचार्ज सिस्टम विकसित करें।
- तालाबों, स्टॉप डैम और जलाशयों की नियमित सफाई और संरक्षण करें।
- घर और परिसर का कुछ हिस्सा खुला रखें ताकि पानी सीधे जमीन में समा सके।
- 'कैच द रेन' को व्यक्तिगत और पारिवारिक संकल्प बनाएं।

### केवल बैंक बैलेंस नहीं, जल बैलेंस भी ज़रूरी

हम अपने बच्चों के लिए मकान, जमीन, गाड़ियां और बैंक बैलेंस छोड़ने की चिंता करते हैं लेकिन यदि उनके हिस्से में पर्याप्त और स्वच्छ पानी नहीं होगा, तो बाकी सारी संपत्ति का महत्व कम हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी को केवल शिक्षित नहीं, बल्कि जल-साक्षर बनाना होगा। उन्हें यह समझाना होगा कि पानी सुविधा नहीं, जीवन का आधार है और उसका संरक्षण हमारी साझा जिम्मेदारी है।

जल संकट का समाधान केवल सरकारों या प्रशासन के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। जिस तरह स्वच्छता जनभागीदारी से जन आंदोलन बनी, उसी तरह जल संरक्षण को भी जन अभियान बनाना होगा। हर घर, हर संस्था और हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी।

### समय आ गया है संकल्प लेने का

मानसून हमारे दरवाजे पर दस्तक दे चुका है। बादल फिर हमारी छतों पर अमृत बरसाने को तैयार हैं। अब फैसला हमारे हाथ में है क्या हम इस अनमोल धरोहर को यूं ही बह जाने देंगे या इसे सहेजकर अपने भविष्य को सुरक्षित करेंगे?

याद रखिए, पानी की हर बूंद केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की पूंजी है। इस मानसून एक संकल्प लें–बारिश की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जाने देंगे। क्योंकि भविष्य उन्हीं का सुरक्षित होगा, जो आज पानी बचाने का निर्णय लेंगे।

**(लेखक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं)**



# सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र से चार दर्जा मंत्री नामित

जागरण मोर्चा कार्यालय


कैप्टन गंभीर सिंह धामी।


रंजीत सिंह नामधारी।


मोहनी पोखरिया।


किशन सिंह किन्ना।

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र में पार्टी के चार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लाल बत्ती से नवाजे जाने के मामले को 2027 के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। उत्तराखंड सरकार के इस निर्णय का जनमानस ने सराहनीय बताते हुए खुशी भी जाहिर की है। राज्य मंत्री का दर्जा पाने वालों में एक महिला नेत्री पार्टी के विभिन्न पदों में रही हैं। जबकि दूसरे व्यक्ति भारतीय सेना से सेवानिवृत हैं। तीसरे व्यक्ति ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कर भाजपा का दामन थामा है। चौथा युवा कार्यकर्ता पार्टी के विभिन्न पदों के साथी ही दो बार जिला पंचायत सदस्य रहा है।

पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी को प्रदेश सरकार द्वारा उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवाजा गया है। कैप्टन धामी भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के बाद भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं रीतियों को बढ़ावा देकर पार्टी में स्वयं की पकड़ बनाई थी। माना जा रहा है कि दर्जाधारी मंत्री बनने पर पूर्व सैनिकों के साथ भी आम जनता में मजबूत स्थिति बनेगी।

पूर्व ब्लाक प्रमुख रहकर 5 साल जन सेवा करने वाले रंजीत सिंह नामधारी ने अपने कार्यकाल का अंतिम साल भारतीय जनता पार्टी से संबंध होकर विकासखंड क्षेत्र में विकास कार्य संपन्न कराए। सिख समाज के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता रहे रंजीत सिंह नामधारी को पशु कल्याण बोर्ड के प्रदेश उपाध्यक्ष नामित कर प्रदेश के किसानों में मजबूत पकड़ बनाएंगे। कांग्रेस पार्टी को अलविदा कर भाजपा में सम्मिलित दर्जाधारी मंत्री रंजीत सिंह नामधारी किसानों एवं सिख समाज सहित पशुपालकों में भी मजबूत स्थिति बनाएंगे।

राज्य सतर्कता समिति का उपाध्यक्ष पद से नवाजी गई महिला नेत्री मोहनी पोखरिया ने ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के साथ ही अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वह ग्राम प्रधान संघ उपाध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष, भाजपा मंडल कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा जिला मंत्री, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सहित अन्य राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक संगठनों के पदों पर रहकर सराहनीय कार्य किया है। महिला वर्ग के साथ ही हर वर्ग में पेंठ रखने वाली महिला नेत्री मोहनी पोखरिया को दर्ज मंत्री बनाया जाना भाजपा को मजबूती मिलेगी।

खटीमा ग्रामीण अभियंत्रण सेवा परिषद उपाध्यक्ष पद से नवाजे गए युवा कार्यकर्ता किशन सिंह किन्ना विद्यार्थी परिषद, राम जन्मभूमि आंदोलन में 14 दिन की जेल, राज्य आंदोलनकारी, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण मंडल के पदों पर कार्य कर चुके हैं। वह दो बार जिला पंचायत सदस्य भी रहे हैं। हर वर्ग के युवाओं, आम लोगों में पेंठ रखने वाले किशन सिंह किन्ना को दर्ज मंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड प्रदेश ने बेहद सूझबूझ का निर्णय लिया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र से नामित चारों दर्जाधारियों का आम जनता पार्टी कार्यकर्ता स्वागत कर बधाई दे रहे हैं।

## सार संक्षेप

### मोदी सरकार के 12 साल पूरे, भाजपा आठ जून से पूरे प्रदेश मे चलाएगी जनसंपर्क अभियान



**लखनऊ।** केंद्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी सोमवार से पूरे प्रदेश में जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि पदाधिकारी समाज के साहित्य, खेल, शिक्षा आदि क्षेत्रों के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के तहत सोमवार से 14 जून तक जनसंपर्क किया जाएगा। बता दें कि अभियान के तहत बीते शुक्रवार को भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई थी। शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाकर बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया था। पार्टी 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। वहीं 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद 16 एवं 17 जून को जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे। वहीं 17 से 20 जून तक केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। साथ ही 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाओं का आयोजन होगा तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी मंडलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने सभी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों से सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा है।

### बंगाल में टीएमसी का फ्यूज उड़ा ममता के अपने ही उन्हें सजा दे रहे हैं, भाजपा सांसद ने दिया बयान



**लखनऊ।** भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का फ्यूज उड़ चुका है। बंगाल ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया है। जिस तरह से उन्होंने अपने शासनकाल में अत्याचार किए और करवाए थे उससे शर्मिंदा होकर अब उनके अपने ही दूरियां बना रहे हैं। ममता बनर्जी को बंगाल की जनता ने सजा दी है और अब उनके अपने भी उन्हें सजा रहे हैं। ममता बनर्जी के विधानसभा चुनाव हारते ही उनके नेता दूर होने लगे हैं. विधायकों के बाद अब सांसदों ने भी उन्हें झटका दे दिया है। ममता बनर्जी ने आज मीटिंग बुलाई थी, मगर 41 में से सिर्फ 5 सांसद ही पहुंचे। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के कुल 29 सांसद हैं। इनमें से 1 की मौत हो गई है तो लोकसभा के कुल 28 सांसद हुए। इन 28 सांसदों में से महज 3 सांसद ही ममता की मीटिंग में पहुंचे। वहीं राज्यसभा में कुल 13 सांसद हैं। इनमें से सिर्फ दो सांसद ममता बनर्जी की मीटिंग में पहुंचे। 8 जून को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक प्रस्तावित है। इसी दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए तलब किया है। ऐसे में तृणमूल के भीतर और बाहर दोनों मोर्चों पर नेतृत्व की परीक्षा मानी जा रही है। बागी खेमे से जुड़े सूत्रों का दावा है कि फिलहाल जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। पहले पर्याप्त संख्या में सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश की जा रही है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसके बाद संसदीय स्तर पर अगली रणनीति तय की जा सकती है। बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार पहले ही संगठनात्मक पदों से इस्तीफा देकर असंतोष जता चुकी हैं। इसके अलावा देव, रचना बनर्जी, यूसुफ पठान, जून मालिया और सायोनी घोष के नाम भी राजनीतिक चर्चाओं में हैं।

# तीन दिन चलने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए डाउनलोड हुए 15 लाख एडमिट कार्ड

## 28.65 लाख अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन, महिलाओं का मंडल के जिले में केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा**
- जूते के बजाय चप्पल पहनकर आएं अभ्यर्थी
- धार्मिक चिह्नों और प्रतीकों पर नहीं रहेगी पाबंदी



**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन सोमवार से होगा। सोमवार से बुधवार तक लिखित परीक्षा रोजाना दो पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें करीब 25 लाख अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। अब तक 16 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड किए हैं।

भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने बताया कि परीक्षा के सकुशल आयोजन के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों तक सही प्रश्न पत्र भेजने की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार शाम से ही सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सोमवार को परीक्षा के पहले दिन कड़ी चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश करने दिया जाएगा। इससे पहले उनके आधार कार्ड का सत्यापन और ई-केवाई की प्रक्रिया भी होगी। अभ्यर्थियों को आइरिस जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति दी जाएगी। वहीं स्थानीय पुलिस और एसटीएफ संदिग्धों पर नजर रखने के साथ धरपकड़ करेगी। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वह जूते के बजाय चप्पल पहनकर आएं।

परीक्षा केंद्रों के आसपास के इलाके में भी सतर्कता बरती जाएगी। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि तीन दिन तक होने वाली परीक्षा की प्रत्येक पाली में करीब 4.90 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। बता दें कि सिपाही बनने के लिए करीब 28.65 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। सभी जिलों में परीक्षा के लिए 1183 केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया भी बनाए गए हैं।

महिला अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए भर्ती बोर्ड ने उनके गृह जनपद के मंडल वाले जिलों में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किया है। साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान चेकिंग के लिए बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान धार्मिक चिन्हों जैसे कलावा, मंगलसूत्र आदि पहनने पर पाबंदी नहीं रहेगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को हाईटेक उपकरणों की जांच के बाद ही प्रवेश करने दिया जाएगा।

**चारबाग व लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर बनाई हेल्पडेस्क, अतिरिक्त जवान तैनात**

सोमवार से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में उमड़ने वाली परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए चारबाग, लखनऊ जंक्शन सहित सभी रेलवे स्टेशनों पर व्यवस्थाएं की गई हैं। रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी एलर्ट मोड पर हैं।


भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को मीठा शरबत पिलाते ग्रामवासी। -जागरण मोर्चा

# ग्राम सभा बरी अंजनिया के युवाओं ने लगाया 'छबील'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से आम जनमानस बेहाल। बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों के बीच ग्राम सभा बरी अंजनिया के युवाओं ने एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल की है। युवाओं ने एकजुट होकर राहगीरों और माता पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 'छबील' (प्याऊ) का आयोजन किया।

इस सेवा शिविर के माध्यम से युवाओं ने कड़ी धूप में सफर कर रहे यात्रियों को मीठा व शीतल शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। सेवा भाव से ओत-प्रोत युवाओं की यह पहल तपती दोपहर में राहगीरों के लिए बड़ी राहत साबित हुई। युवाओं ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों की परेशानी को देखते हुए, सभी ने आपसी सहयोग से इस सेवा कार्य को करने का निर्णय लिया। क्षेत्र में युवाओं की इस एकजुटता और सेवा भाव की लोग जमकर सराहना कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सूरज मौर्य, सागर कुमार, विशाल मौर्य, अजय मौर्या, मनीष मौर्य, आदित्य मौर्य, मनोज प्रजापति, अजय कुमार, समीर मौर्य, राकेश, रोशन अली और रामायण मौर्य सहित क्षेत्र के अन्य युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्रदेश में भीषण गर्मी की वापसी, 16 जिलों में 40 के ऊपर रहा पारा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**यूपी में मौसम का यू-टर्न**
**डराने वाली है चेतावनी**
- आने वाले दिनों में छह डिग्री तक चढ़ेगा पारा
- सरकार ने जारी किया हीट वेव का अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने रविवार को अचानक करवट लिया और तपिश भरी गर्मी ने दोबारा सिर उठाया। रविवार को प्रदेश के 16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग का कहना है यूपी में अगले एक हफ्ते तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों में प्रदेश भर में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी आ सकती है।

साथ ही मंगलवार से अगले तीन दिन यानी नौ जून से 11 जून के दौरान उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लू की चपेट में आने की आशंका है। रविवार को प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में तपिश और तीखी धूप का प्रकोप रहा। वहीं तराई के महराजगंज आदि कुछ जिलों में सुबह तेज हवाओं के साथ मामूली बूंदाबांदी देखने को मिली। बादलों की आवाजाही से साथ चलीं।

रविवार को बांदा और झांसी 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहे। इसके अलावा प्रयागराज में 42.8 डिग्री, कानपुर और फर्रूखाबाद में 42.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब मौसम शुष्क रहेगा और क्रमशः तापमान का बढ़ना जारी रहेगा।

**सर्वाधिक तापमान वाले जिले**
- बांदा- 43 .2 डिग्री सेल्सियस
- झांसी- 43 .2 डिग्री सेल्सियस
- प्रयागराज- 42 .8 डिग्री सेल्सियस
- कानपुर- 42 .4 डिग्री सेल्सियस
- फर्रुखाबाद- 42 .4 डिग्री सेल्सियस

# जनता एक्सप्रेस के लोको पायलट को यात्रियों ने पीटा, देहरादून जा रही थी ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** वाराणसी से देहरादून जा रही जनता एक्सप्रेस के लोको पायलट से आलमनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से कहासुनी व मारपीट हो गई। यात्रियों ने रेलकर्मी को पीट दिया, जिससे उसे चोटें आ गईं। चारबाग जीआरपी ने यात्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यात्रियों का कहना है कि लोको पायलट उनकी सीटों पर अपने परिचित को बिठा रहे थे, जबकि लोको पायलट ने बताया कि वह शौचालय इस्तेमाल के लिए बोगी में गया था।

मामला ट्रेन संख्या 15119 जनता एक्सप्रेस का है। यह ट्रेन सुबह 8:20 बजे वाराणसी से चलकर शाम करीब 4:50 बजे आलमनगर रेलवे स्टेशन पहुंचती है। शाहजहांपुर में रेलवे कॉलोनी में रहने वाले लोको पायलट ट्रेन को लखनऊ से मुरादाबाद तक ले जा रहे थे, जहां उनकी ड्यूटी खत्म होनी थी और आगे दूसरे लोको पायलट को जिम्मेदारी मिलती।

रविवार को जब ट्रेन आलमनगर रेलवे स्टेशन पहुंची तो लोको पायलट राजेंद्र कुमार इंजन से उतरकर पास की बोगी में चले गए। जहां यात्रियों से उनकी कहासुनी हुई, फिर यात्रियों ने उन्हें पीट दिया, जिससे उन्हें चोटें आ गईं। सूचना पर तत्काल जीआरपी मौके पर पहुंची, जिसके बाद लोको पायलट की ओर से तीन यात्रियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

# स्टार्टअप और डेटा सेंटर का हब बनेगा यूपी नई नीतियों पर मुख्यमंत्री योगी की मुहर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को नई स्टार्टअप नीति-2026 और प्रस्तावित डेटा सेंटर नीति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निवेशक अनुकूल, प्रतिस्पर्धी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नीतियों पर मुहर लगाई। उन्होंने कहा कि नई स्टार्टअप नीति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, डीप-टेक और उभरती प्रौद्योगिकियों को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 2 गीगावाट से अधिक अतिरिक्त डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। आईटी विभाग के प्रस्तुतीकरण और समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने स्टार्टअप मिशन को और सशक्त बनाने, वित्तीय प्रोत्साहन बढ़ाने तथा महिला उद्यमियों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और पूर्वांचल-बुंदेलखंड के युवाओं के लिए विशेष प्रावधान शामिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए मजबूत संस्थागत ढांचा विकसित करना होगा। इसके लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम को गति देने वाले मिशन मोड कार्यक्रम तैयार किए जाएं, ताकि प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति का विस्तार हो सके। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 2026 तक देश की कुल डेटा सेंटर क्षमता में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 8 से 9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि डेटा सेंटर नीति-2021 के तहत 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने व 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके सापेक्ष अब तक 21,342.90 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं और निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट भी जारी किए गए हैं।

# राम मंदिर से चढ़ावे के करोड़ों रुपये गायब, अखिलेश यादव का बड़ा आरोप



जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब हो गये। अखिलेश यादव ने इस मामले में अदालत से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया।

उन्होंने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है।" अखिलेश यादव ने पोस्ट में कहा, "ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है।"

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, "अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है।" हालांकि, इस मामले को लेकर अभी तक सरकार या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री बनने पर रंजीत सिंह नामधारी का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री नियुक्त होने पर रंजीत सिंह नामधारी एवं उनके पिता साधू सिंह नामधारी का झनकट स्थित राइस मिल में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं क्षेत्रवासियों ने नामधारी को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि रंजीत सिंह नामधारी हमेशा क्षेत्र के विकास, जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और नई जिम्मेदारी में भी वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। इस अवसर पर रंजीत सिंह नामधारी ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान और स्नेह उन्हें जनसेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

स्वागत के दौरान वहां भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, हरप्रीत सिंह, अवतार सिंह, जसवंत सिंह गोल्डी, कुलतार सिंह नामधारी, बलविंदर सिंह, बलजीत सिंह, अनिल कुमार, अशोक कुमार, बंटी सिंह राणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री नियुक्त होने पर रंजीत सिंह नामधारी का भव्य स्वागत।

# लंबे समय के बाद सोमवार को होगी इंडिया गठबंधन की बैठक, अखिलेश होंगे शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन की सोमवार को नई दिल्ली में हो रही बैठक में हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि इसमें यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खास चर्चा हो सकती है। टिकट वितरण के किसी सर्वमान्य फॉर्मूले के तय होने से पहले सपा, कांग्रेस से प्रत्याशियों की सूची मांग सकती है।

लंबे इंतजार के बाद इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गई है। इससे पहले यह बैठक लोकसभा चुनाव के दौरान जून, 2024 में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई थी। इसमें मतदान के रुख और उसके बाद की रणनीति पर चर्चा हुई थी। इसके बाद केरल और तमिलनाडु के चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के इंडिया गठबंधन में शामिल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और डीएमके से रिश्ते खराब हो गए। ऐसे में गठबंधन की सोमवार को होने वाली बैठक में शामिल होने वाले दलों पर सभी की नजर है। हालांकि, कांग्रेस का दावा है कि इस बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल होंगे।

सपा सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सीएम अखिलेश यादव बैठक में शामिल होंगे। सपा यूपी में चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर चुकी है। उसने अपने आधे से ज्यादा प्रत्याशियों को हरी झंडी भी दे दी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की बैठक में यूपी में सीट बंटवारे को लेकर बात होनी तय मानी जा रही है। इस मामले में सपा अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि सवाल सीट का नहीं, जीत का है।

# गन्ने के खेत में मिला गुमशुदा युवक का कंकालनुमा शव, हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा, कार्यालय


शव मिलने के बाद रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

**अमरिया।** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम हरहरपुर धुरा निवासी 20 वर्षीय युवक शिवकुमार पुत्र सोमपाल का कंकालनुमा सड़ा-गला शव रविवार को एक गन्ने के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव के पास से एक मोबाइल फोन और चप्पल भी बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार शिवकुमार बीते कई दिनों से लापता था। उसके पिता सोमपाल ने 2 जून 2026 को थाना अमरिया में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को ग्रामीणों ने गांव के निकट गन्ने के खेत में एक शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान शिवकुमार के रूप में कराई। घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल तथा थाना अमरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने गांव के ही सूरजपाल समेत कई लोगों पर हत्या कर शव खेत में फेंकने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि युवक की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है। सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि गुमशुदा युवक का शव गन्ने के खेत में मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। मृतक की गुमशुदगी 2 जून को थाना अमरिया में दर्ज कराई गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा घटना के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलां।** नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर सोशल मीडिया पर गांव और अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले एक अकाउंट के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित अकाउंट द्वारा अभद्र एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणियां की जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने अकाउंट संचालक की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत एक्स (ट्विटर) पर भी की गई। इस पर पीलीभीत पुलिस ने जवाब देते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना पूरनपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



एक्स पर शिकायत का स्क्रीन शॉट।

## सार संक्षेप

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, दो बार गर्भपात करने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**पूरनपुर।** युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद युवती से शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। अब युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। थाना हजारा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने बताया कि उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। उसने युवती से मीठी मीठी बातें कर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद युवक ने युवती से शादी करने का झांसा दिया। जिस पर युवती उसके बहकावे में आ गई। युवक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा ।जिसके चलते युवती दो बार गर्भवती हो गई। जब इसकी जानकारी युवती ने युवक के परिजनों को दी तो उन्होंने कुछ नहीं कहा। गर्भवती होने पर युवक ने उसका गर्भपात करा दिया। आरोप है कि जब युवती ने शादी करने के लिए कहा तो वह टाल मटौल करने लगा। अधिक दवाव वनाने पर युवक अब शादी करने से मना कर रहा है। काफी समझाने के बाद भी युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा। दोबारा शादी की बात कहने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पडताल शुरु कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले की तहरीर मिली है। युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। जांच के तहत कर्रवाई की जाएगी।

### फूल तोड़ रहे ग्रामीण पर आवारा सांड का हमला, गंभीर

**पूरनपुर।** घुंघचाई गांव में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह एक आवारा सांड ने घर के बाहर पूजा-अर्चना के लिए फूल तोड़ रहे युवक पर हमला कर दिया। घुंघचाई निवासी रजनीश अवस्थी रविवार सुबह अपने घर के बाहर पूजा के लिए फूल तोड़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,इसी दौरान गांव में घूम रहा एक आवारा सांड अचानक वहां पहुंच गया और रजनीश पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें कई बार पटक दिया, जिससे उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। रजनीश की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और शोर मचाकर किसी तरह सांड को वहां से भगाया। इसके बाद घायल अवस्था में पड़े रजनीश को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### दंपति को मारपीट कर किया घाय, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरिया।** मामूली घरेलू विवाद को लेकर परिवारीजनों ने दंपति को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया घायल दंपति ने पुलिस को एक तहरीर दी और पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर उर्फ फाजिलपुर निवासी महिला पूजा देवी ने पुलिस को एक तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार सास ओमवती, ननंद रंगोली देवी,देवर राहुल उर्फ़ पुष्पेंद्र और सोल्जर की आपस में प्रेम भाव के कारण किसी की कोई वस्तु लेने पर आपस में कहां सुनी हो रही थी इसका विरोध करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर बचाने आए पति अवधेश कुमार के साथ भी मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान मेरे सिर में चोटे आई है और पति के शरीर में गुम चोटों के निशान है। ससुराल पक्ष के लोगों को समझाने आए मेरे पिता भगवान दास और भाई अजय वर्मा के साथ भी मारपीट की। कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया है कि महिला पूजा देवी निवासी ग्राम रायपुर उर्फ़ फाजिलपुर की तरफ से एक तहरीर प्राप्त हुई थी तहरीर के आधार पर सास ओमवती ननद रंगोली देवी देवर राहुल उर्फ़ पुष्पेंद्र और सोल्जर के बिरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जन्मतिथि व दस्तावेजों में हेरफेर कर बनवाया दूसरा पासपोर्ट, रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** महिला ने तथ्यों को छुपाकर और दस्तावेजों में कथित रूप से हेरफेर कर दो अलग-अलग पासपोर्ट बनवा लिए। इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा कोन निवासी पवनदीप कौर पर आरोप है कि उन्होंने सबसे पहले नियमानुसार पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद पासपोर्ट कार्यालय की प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक पासपोर्ट जारी किया गया। यह प्रक्रिया सभी आवश्यक सत्यापन और दस्तावेजों के आधार पर पूरी की गई थी। हालांकि,आरोप है कि वर्ष 2023 में उन्होंने पुनः एक अन्य पासपोर्ट के लिए आवेदन किया और इस दौरान अपनी जन्मतिथि,जिला एवं अन्य व्यक्तिगत विवरणों में परिवर्तन कर नया पासपोर्ट प्राप्त कर लिया। बताया जा रहा है कि यह पासपोर्ट लखनऊ स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से जारी हुआ। मामले का खुलासा तब हुआ जब संबंधित विभाग द्वारा रिकॉर्डों के सत्यापन के दौरान दोनों पासपोर्टों की जानकारी में अंतर पाया गया। जांच में यह संदेह जताया गया कि एक ही व्यक्ति द्वारा अलग-अलग पहचान संबंधी विवरणों का उपयोग कर दो पासपोर्ट प्राप्त किए गए हैं। पासपोर्ट कार्यालय की रिपोर्ट के आधार पर स्थानीय कोतवाली पुलिस को अवगत कराया गया। जिसके बाद महिला पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोनों पासपोर्टों से जुड़े आवेदन,दस्तावेज, सत्यापन रिपोर्ट और अन्य रिकॉर्डों को खंगाला जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि दस्तावेजों में बदलाव किस स्तर पर और कैसे संभव हुआ।

### फर्जीवाड़ा कर बनवाए दो पासपोर्ट, केस

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उतरी के गांव गढ़वाखेड़ा के रविजोत सिंह उर्फ अमनजोत सिंह ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर दो पासपोर्ट बनवा लिए। आरोप है कि उन्होंने सबसे पहले नियमानुसार पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद पासपोर्ट कार्यालय की प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक पासपोर्ट जारी किया गया। यह प्रक्रिया सभी आवश्यक सत्यापन और दस्तावेजों के आधार पर पूरी की गई थी। जिसके बाद पासपोर्ट कार्यालय की प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक पासपोर्ट जारी किया गया। यह प्रक्रिया सभी आवश्यक सत्यापन और दस्तावेजों के आधार पर पूरी की गई थी। जांच में दोनों का भेद खुल गया। लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय के सहायक वरिष्ठ अधीक्षक ने थाना सेहरामऊ उत्तरी में गांव गढ़वाखेड़ा के रविजोत सिंह उर्फ अमनजोत सिंह के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग दो पासपोर्ट जारी कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## किसान-मजदूर जनचेतना पीडीए सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



किसान-मजदूर जनचेतना पीडीए सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ता व पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**अमरिया।** जशन पैलेस में समाजवादी पार्टी के किसान-मजदूर जनचेतना पीडीए सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, किसान और मजदूर शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक सत्येंद्र मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता जगदेव सिंह जग्गा ने की।

मुख्य अतिथि तेजेंद्र सिंह विर्क ने किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए सामाजिक न्याय वसंविधान की रक्षा का आह्वान किया। वक्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए पीडीए अभियान को सामाजिक भागीदारी का आंदोलन बताया। सम्मेलन में रमेश यादव, देवेंद्र सिंह खालसा, अशोक समसा सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सिख समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में सत्येंद्र मौर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हाईवे पर मैजिक ने गौवंशीय पशु को रौंदा, मौत

**पूरनपुर।** शुक्रवार देर रात पूरनपुर की ओर से आ रही मैजिक छोटा हाथी वाहन ने गाय को रौंद दिया। गाय वाहन में फंस कर काफी दूर तक घसीटती रही। सूचना पर हिन्दु संगठनों के लोगों ने कस्बा घुंघचाई में वाहन को रोक लिया। गाय वाहन में फंसी हुई थी। मौके पर हिन्दु संगठन के शिवम भदौरिया, प्रियांशू त्रिवेदी,राजा गुप्ता, देवेंद्र कुमार सहित कई लोग पहुंच गए। सभी ने वमुश्किल वाहन में फंसी गाय को वाहर निकाला। लेकिन तब गाय की मौत हो चुकी थी। उन्होंने कडी नाराजगी जताई। सूचना पर घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने संगठन के लोगों के साथ मृतक गाय का जैसीबी से गड्ढा खुदवा कर उसका अंतिम संस्कार कराया। वाहन चालक पर कार्वाही के लिए मामले की तहरीर पुलिस को दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि वाहन को कब्जे में है। तहरीर मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर विधवा से किया दुष्कर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

- युवक ने जमीन बेचने के लिए विधवा पर वनाया दवाब



**पूरनपुर।** शादी का झांसा देकर युवक ने चार बच्चों की विधवा मां से दस साल तक हवस का शिकार बनाया। महिला का रुपया भी हडप लिया। विरोध पर युवक दूसरी महिला के साथ रहने लगा। शिकायत कर कार्रवाही की मांग कि है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने वताया कि उसके पति की 15 साल पहले मौत हो गई थी। उसके चार बच्चे है। पति कि मौत के बाद वह अपनी ससुराल में रहती है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने विधवा से शादी करने का झांसा देकर उसको व बच्चों को पालने का आश्वासन दिया। जिससे विधवा युवक के झांसे में आ गई।

आरोप है कि युवक दस साल तक विधवा से दुष्कर्म करता रहा। महिला के जमीन के ठेके के रुपये जमा किए थे। उनको भी युवक ने ले लिए और खर्च कर दिए।

आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर जमीन की विक्री करने का विधवा पर दवाव बनाने लगा। इस पर महिला राजी नही हुई और उसने जमीन बेचने से मना कर दिया। विरोध करने पर युवक शादी करने से मुकर गया और दूसरी महिला के साथ रहने लगा। महिला का आरोप है कि युवक लगातार उसका शोषण करता रहा। मामले की शिकायत महिला ने समाधान दिवस में पहुंच कर अधिकारियों से कर न्याय की गुहार लगाई। अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गजरौला खास निवासी कान्ती देवी ने बताया कि उसकी शादी 2025 में गांव के ही अभिषेक शर्मा के साथ हुई थी। जिसमें उसके परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था,लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं थे।

शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और घर से निकलने लगे,अपरिक्त दहेज में एक बाइक व एक लाख रूपये की नकदी की मांग की शुरू कर दी। विवाहिता के इनकार करने पर उसको आए दिन मारपीट का प्रताड़ित किया जाने लगा। होली से पहले उसको मारा पीटा और घर से निकाल दिया। उसका माल जेवर भी छीन लिया। वह आठ महीने की गर्भवती है। बिना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस गजरौला खास निवासी अभिषेक,रामपाल,कमला देवी, अरुण,अंकुल लज्जा देवी,राजाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।

## भाजपा मरौरी मंडल की कार्यसमिति बैठक आयोजित


भाजपा कार्यसमिति बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे "विश्वास के विकास के 12 वर्ष" अभियान के तहत भाजपा मरौरी मंडल की कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी विकास वाल्मीकि तथा मुख्य वक्ता जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेश राजपूत ने की। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विकास वाल्मीकि ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान और योग दिवस पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया। अभिमन्यु गंगवार ने कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में अजय मौर्य, हरिओम गंगवार, सुरेंद्र, ध्रुव, चेतराम, प्रदीप कुमार, बृजलाल, छोटेलाल, मनोज चौधरी, महेश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूरनपुर में दिनदहाड़े दुकान से कर लिया पर्स चोरी

**पूरनपुर।** मोहल्ला कायस्थान स्थित जयसवाल कॉलोनी में रविवार को दिनदहाड़े एक दुकान से पर्स चोरी होने की घटना सामने आई है। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान पर सामान्य रूप से व्यापारिक गतिविधियां चल रही थीं,इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर पहुंचा और ग्राहक बनकर इधर-उधर देखने लगा। मौका मिलते ही उसने दुकान में रखा पर्स चुपके से उठा लिया और वहां से फरार हो गया। कुछ समय बाद जब दुकान मालिक ने अपना पर्स तलाश किया तो वह नहीं मिला। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज देखने पर एक संदिग्ध व्यक्ति दुकान में घुसकर पर्स उठाकर ले जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद चोरी की घटना की पुष्टि हुई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी का चेहरा भी दिखाई दे रहा है। जिससे उसकी पहचान किए जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की जानकारी में जुटी है। चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक चालक ने दूसर बाइक सवारों को मारी टक्कर

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दियोहना निवासी जगदीश पुत्र डोरी लाल ने पुलिस को एक तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस को दी गई तहरीर में पिता जगदीश का कहना है मेरा पुत्र राहुल अपने फूफा भारत सिंह निवासी ग्राम खरगपुर कलां थाना बीसलपुर के साथ एक जून की सुबह बाइक पर सवार होकर पिपरैया जा रहा था। दियोहना पट्टी मोड के पास पीछे से आ रहे अज्ञात बाईक चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठा राहुल गंभीर घायल हो गया। उसी समय पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डाक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया था । कोतवाली प्रभारी गौतम सिंह ने बताया है कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।




दिक्कत | दर्जनों गांवों के लोगों का संपर्क हो जाएगा प्रभावित

## 15 जून से बंद होगा धनाराघाट का पेंटून पुल

जागरण मोर्चा कार्यालय


धनाराघाट पेंटून पुल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन बने धनाराघाट पेंटून पुल को आगामी 15 जून से बंद किया जाएगा। पुल बंद होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है।

बरसात के मौसम को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस बार भी पेंटून पुल को नदी में जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव की संभावना के चलते प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। 15 जून के बाद पुल पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। धनाराघाट पेंटून पुल के माध्यम से क्षेत्र के अनेक गांवों के लोग तहसील, ब्लॉक मुख्यालय, बाजार, स्कूल, कॉलेज और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसानी से पहुंचते हैं। पुल बंद होने के बाद ग्रामीणों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे छात्रों, किसानों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पेंटून पुल बंद होने के बाद वैकल्पिक मार्ग काफी लंबा पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त खपत होती है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में कठिनाई होगी, जबकि मरीजों और विद्यार्थियों को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल बंद होने से पहले वैकल्पिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को कम से कम असुविधा हो। वहीं प्रशासन का कहना है कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है तथा वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुल बंद होने के साथ ही क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने की संभावना है। ऐसे में ग्रामीणों को आगामी दिनों में अपनी यात्रा और अन्य आवश्यक कार्यों की योजना पहले से बनानी होगी। क्षेत्र में इस विषय को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग प्रशासन से बेहतर वैकल्पिक व्यवस्था की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत: तारीख तय नहीं, पर 'चुनावी चौपाल' गर्म

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**शेरपुरकलां।** ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आहट के साथ सियासी माहौल गरमा गया है। चुनाव की तारीखों का ऐलान भले न हुआ हो, लेकिन गांवों में चुनावी तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। कोई विकास कार्यों के दम पर तो कोई पारिवारिक प्रभाव और पुरानी साख के सहारे जीत का दावा कर रहा है। इस बार बीडीसी (क्षेत्र पंचायत सदस्य) पदों पर भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। संभावित प्रत्याशी जनाज़े, दसवां, बीसवां या चालीसवाँ बड़ी ज़िम्मेदारी से अटेंड कर रहे हैं। दूसरे गांवों में संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। पांच साल तक दूर रहने वाले कई नेता अब जनता के सुख-दुख में सक्रिय नजर आ रहे हैं। गांव की चौपालों और चाय की दुकानों पर सुबह से देर रात तक चुनावी चर्चाएं हो रही हैं। वोटों के गणित और हार-जीत के दावे हर दिन नए रंग ले रहे हैं। फिलहाल एक पक्ष विकास के नाम पर वोट मांग रहा है, जबकि दूसरा रिश्तों, जातीय समीकरणों और सामाजिक जुड़ाव को मुद्दा बना रहा है। तारीखों के ऐलान से पहले ही गांव पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुके हैं। अब देखना यह है कि जनता इस बार विकास को तरजीह देती है या रिश्तों को।

# बिनावर पुलिस ने 418 ग्राम अफीम के साथ चार तस्कर दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिनावर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 418 ग्राम अफीम के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मारुति सुजुकी कार भी बरामद की है, जिसका इस्तेमाल तस्करी में किया जा रहा था। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना बिनावर पुलिस सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रही है।

पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से अफीम लेकर कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलबीर सिंह अपनी टीम के साथ ग्राम उसैता रेलवे अंडरपास के पास पहुंच गए और घेराबंदी कर दी। करीब रात 9:05 बजे संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें चार लोगों को हिरासत में



लिया गया।

तलाशी के दौरान पुलिस को उनके पास से कुल 418 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शिवकुमार गुप्ता निवासी कटरा चांद खां थाना बारादरी, जिला बरेली, देवेन्द्र मौर्य निवासी ग्राम सिरसवा थाना बिनावर, तथा रामप्रकाश और नदीम निवासी ग्राम करतौली थाना बिनावर बताए। पुलिस ने मौके से मारुति सुजुकी जैन कार (नंबर UP25M2245) भी जब्त कर ली। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त थे और क्षेत्र में सप्लाई का काम करते थे। हालांकि, इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और पूरे गिरोह का पर्दाफाश करने का प्रयास जारी है।

इस मामले में थाना बिनावर पर मु0अ0सं0 144/2026 के तहत धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलबीर सिंह के साथ थाना बिनावर पुलिस के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की इस सफलता पर सराहना करते हुए कहा कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, ताकि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## वजीरगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह लाइन हाजिर

**बदायूं।** एसएसपी अंकिता शर्मा ने वजीरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह को शनिवार रात लाइन हाजिर कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सुरेंद्र कुमार सिंह की आयु 58 वर्ष पूर्ण होने के चलते उन्हें पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं, कुछ लोग हाल ही में हुए एक पुलिस एनकाउंटर के दौरान लाइव वीडियो बनाए जाने के मामले को भी इस कार्रवाई से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से लाइन हाजिर किए जाने के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। एसएसपी की इस कार्रवाई के बाद जिले के पुलिस महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

## सार संक्षेप

### ग्रामीण से मारपीट में एक पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव नंदगांव निवासी जितेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 जून को वह अपने खेत से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के रुपराम ने उसे घेर लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोट आई है। पुलिस ने आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### पिता-पुत्र से मारपीट करने पर तीन पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सबदलपुर निवासी देवेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मई की शाम 3 बजे वह और उसका बेटा प्रवेंद्र मक्के की फसल की सिंचाई कर रहे थे। तभी गांव के जाहिद, ताहिर व राहिद खेत पर आ गये और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट में उसके साथ पुत्र को काफी चोटे आई है। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत चार पर रिपोर्ट

**बदायूं।** थाना जरीफनगर के गांव समसपुर मलिक फता निवासी कमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब 9 वर्ष पहले राकेश पुत्र मनकू निवासी भगता नगला थाना उघैती के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति राकेश, सास अंबरवती, ससुर मनकू व जयपाल अतिरिक्त दहेज में बाइक, एक लाख रुपये व भैंस की मांग करने लगे। जब उसने दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो सभी लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का कहना है कि 15 मार्च 2026 को सभी ने मारपीट कर उसे घर निकाल दिया। तबसे वह अपने सात वर्षीय पुत्र के साथ मायके में रह रही है। 6 जून को उसके ससुराल वाले उसके मायके फैसले के लिए आये। फैसले के दौरान भी वह लोग दहेज की मांग पर अड़े रहे। जब उसके मायके वालों ने अपनी मजबूरी जताई तो सभी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### अमन आलम ने ब्रिटिश संसद रखे अपने विचार

**बदायूं।** शहर के मीरजी चौकी इलाके के निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमन आलम ने लंदन स्थित ब्रिटिश संसद के हाउस आफ लॉर्ड्स में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भाग लेकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। 4 जून को एआई और विधिक पेशे विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता ब्रिटिश सांसद लार्ड उदय नागराजू ने की, जिसमें अमन ने अपने विचार व्यक्त किए। अमन वर्तमान में लंदन से बैरिस्टर की पढ़ाई कर रहे हैं। वह वर्ष 2025 में सुप्रीम कोर्ट के सबसे कम उम्र के स्थायी अधिवक्ता व न्यायमित्र बने थे। अपने परिवार की सातवीं पीढ़ी के वकील अमन के दादा मौलवी फखरे आलम पूर्व विधायक और पिता अनवर आलम वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। अमन पूर्व जस्टिस कृष्ण मुरारी के रिसर्च एसोसिएट भी रहे हैं। उनकी इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने खुशी जताई है।

### किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी को पांच साल की सजा

**बदायूं।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार गर्ग ने किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी हकीम को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर पंद्रह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कुंवरगांव थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने 21 मई 2024 को थाने में तहरीर दी थी। कहा था कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को ग्राम चकोलर, थाना कुंवरगांव निवासी हकीम बहलाकर कहीं ले गया है। परिवार के दबाव बनाने पर आरोपी हकीम किशोरी को वापस ले आया। पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि हकीम रात करीब 12 बजे उसकी छत पर आया था। उसने मुंह पर कपड़ा रखकर उसे बेहोश कर दिया। होश आने पर पीड़िता ने खुद को हकीम के मक्का के खेत में बने एक टांड पर पाया। वहां हकीम ने उसकी मर्जी के बिना गलत काम किया। विरोध करने पर हकीम ने पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने हकीम को दोषी पाया। न्यायालय ने इन आरोपों को गंभीर मानते हुए सजा सुनाई है।

# बिसौली में एटीएम बदलकर ठगी और लूट करने वाला शातिर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में बढ़ते साइबर अपराध और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बिसौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास लूट की घटना को अंजाम देने और एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से पैसे निकालने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से नकदी और एटीएम कार्ड भी बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिसौली के नेतृत्व में थाना बिसौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कुढौली तिराहे से आरोपी को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अतुल यादव पुत्र रनवीर निवासी ग्राम जलालपुर थाना मलावन जनपद एटा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 6 जून 2026 को कस्बा बिसौली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक व्यक्ति से 10 हजार रुपये की लूट की थी। घटना के दौरान आरोपी ने पीड़ित का एटीएम कार्ड भी छीन लिया था और बाद में उसी कार्ड का इस्तेमाल कर पैसे निकालने की कोशिश की।

इतना ही नहीं, आरोपी ने 31 मई 2026 को थाना वजीरगंज क्षेत्र के सैदपुर कस्बे सहित जनपद के अन्य स्थानों पर भी अपने साथियों के साथ मिलकर एटीएम बदलकर कई लोगों के खातों से रुपये निकाले थे। इस प्रकार की घटनाओं से आम लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनसान या भीड़भाड़ वाले इलाकों में ऐसे लोगों को निशाना बनाता था, जो एटीएम का उपयोग करते समय असावधान रहते थे। आरोपी लोगों को झांसे में लेकर उनका एटीएम कार्ड बदल देता था और बाद में उनके खातों से पैसे निकाल लेता था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बैंक ऑफ बड़ौदा का एक एटीएम कार्ड और कुल 12 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इनमें से 6 हजार रुपये बिसौली लूट कांड से संबंधित हैं, जबकि 6 हजार रुपये थाना वजीरगंज में दर्ज मुकदमे से संबंधित पाए गए हैं।

इस संबंध में थाना बिसौली में दर्ज मुकदमा संख्या 228/26 में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में बढ़ोतरी की गई है। वहीं थाना वजीरगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 143/2026 के तहत भी संबंधित धाराओं और आईटी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के अन्य साथियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही, लोगों से अपील की गई है कि एटीएम का उपयोग करते समय सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति की मदद लेने से बचें। इस गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में हो रही एटीएम ठगी और लूट की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

## भर्ती परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए बदायूँ पुलिस का विशेष सत्यापन अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 को सकुशल और नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बदायूँ पुलिस द्वारा विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ के निर्देशानुसार यह अभियान जनपद भर में सक्रिय रूप से संचालित किया गया, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों और पूर्व में परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले अपराधियों का सत्यापन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी स्तर पर निगरानी के बीच इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। आगामी भर्ती परीक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने ऐसे व्यक्तियों की जानकारी एकत्र की, जो पूर्व में नकल, पेपर लीक या अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। इन सभी का सत्यापन कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी गतिविधि में शामिल न हों।

अभियान के दौरान पुलिस ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की



निष्पक्षता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भर्ती परीक्षा के दौरान कोई भी व्यक्ति यदि गैरकानूनी कृत्य करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खेरेवाली माता मंदिर को 74.81 लाख रुपये से दी जा रही नई पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरासौल स्थित खेरेवाली माता मंदिर का स्वरूप बदलने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से मंदिर परिसर में 74.81 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें यात्री विश्रामगृह, टॉयलेट ब्लॉक, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसे इसी माह पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

खेरेवाली माता मंदिर में आसपास के जिलों समेत दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विशेष अवसरों और मेलों के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार श्रद्धालुओं को बैठने, विश्राम करने और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी झेलनी पड़ती थी। इसे देखते हुए पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर के समग्र विकास की योजना तैयार की है।

विकास कार्यों के तहत मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री विश्राम गृह बनाया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी कराया जा रहा है। परिसर को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए अन्य आवश्यक कार्य भी किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिलेगा और मंदिर की पहचान एक विकसित धार्मिक स्थल के रूप में होगी।

पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह के अनुसार, शासन की मंशा धार्मिक स्थलों को बेहतर सुविधाओं से जोड़कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की है। खेरेवाली माता मंदिर परियोजना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक और स्वच्छ वातावरण मिलेगा, जिससे मंदिर क्षेत्र का महत्व और बढ़ जाएगा।

## मुढ़ा पुख्ता पुल निर्माण को कांग्रेस का जनअभियान जारी

- जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने दातागंज के दर्जनभर गांवों में किया जन संवाद
- अधूरे पुल का निर्माण होने तक संघर्ष जारी रखेगी कांग्रेस: अजीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दातागंज के मुढ़ा पुख्ता पुल निर्माण की धनराशि स्वीकृत कराने के लिए कांग्रेस का जनअभियान जारी है। रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दर्जनभर गांवों में जन संवाद कर बरसात से पहले पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 140 करोड़ का एस्टीमेट पांच बार लौटाया है।

अजीत यादव ने कहा कि तीन साल पहले इसी अधूरे पुल से रामगंगा में गाड़ी गिरने से तीन नौजवानों की मौत हुई थी, फिर भी भाजपा सरकार ने निर्माण नहीं कराया, जिससे उसका विकासविरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। पुल न बनने से दातागंज व समरेर के लोगों को बरेली-फरीदपुर आवागमन में भारी दिक्कत होती है। विधायक का धनराशि स्वीकृति का दावा भी झूठा साबित हुआ। कांग्रेसियों ने सिसाइयां गोसाईं, कालाकूडा, मौसमपुर, हसनपुर, हासीगंज, बेगमगंज, कोहनी जाफराबाद और फतेहपुर में ग्रामीणों से संवाद किया।

इस दौरान विधानसभा प्रभारी कुंवर पाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर सिंह, लखपत सिंह, नील कमल शर्मा उर्फ लालू पंडित, ताम्र ध्वज मौर्या, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष गौरांग यादव, सुरेंद्र सिंह, मुनेंद्र यादव, सम्पी, श्याम यादव, धन सिंह और प्रशांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## छज्जे के विवाद में युवक की हत्या, आरोपी सगे भाई गिरफ्तार, 13 दिन से पुलिस को दे रहे थे चकमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र में छज्जा निकालने को लेकर हुई युवक की हत्या के बाद फरार चल रहे दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी पिछले कई दिनों से पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर छिपकर रह रहे थे और बाहर भागने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

25 मई को थाना क्षेत्र के गांव जाम निवासी कुंवरपाल ने अपने पड़ोसियों महेंद्र, अनोखे, हरजीत, रामरतन समेत अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान घायल लक्ष्मण स्वरूप की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी गई थी।



पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार हरजीत और प्रेमरतन उर्फ रामरतन ने बताया कि उनके परिवार और पड़ोसी कुंवरपाल के बीच मकान का छज्जा निकालने को लेकर विवाद चल रहा था। 25 मई को इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। आरोपियों का कहना है कि उन्होंने भी बचाव में मौके पर पड़ी लकड़ी की फंटियां उठा ली थीं। मारपीट के दौरान लक्ष्मण स्वरूप गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। बाद में उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने के बाद दोनों भाई गांव छोड़कर फरार हो गए और लगातार ठिकाने बदलकर छिपते रहे। थाना प्रभारी रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव जाम से ही हत्या के मुकदमे में वांछित हरजीत (20) और प्रेमरतन उर्फ रामरतन (19) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस के डर से क्षेत्र छोड़कर भागने की तैयारी में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

**पुलिस भर्ती परीक्षा** पहले दिन पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होंगे 5564 अभ्यार्थी, प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा

# कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच आज 15 केंद्रों पर 33,984 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल 33,984 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को शुचितापूर्ण, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस महकमे ने कमर कस ली है। हर परीक्षा केंद्र पर एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर और आठ सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही मजिस्ट्रेट भी परीक्षा केंद्र पर मौजूद रहेंगे। प्रश्न पत्र खुलने के समय एक टीम मौजूद रहेगी, जिसके सामने प्रश्न पत्र खोला जाएगा।

परीक्षा से पहले प्रशासन ने बैठक कर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी और परीक्षा ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को परीक्षा संबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिए थे। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने परीक्षा के आंकड़ों को साक्षा करते हुए बताया था कि परीक्षा तीन दिन तक चलेगी। जो प्रतिदिन दो पालियों के हिसाब से कुल छह पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रत्येक पाली में 5664 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने अभ्यर्थियों की सहूलियत और सुरक्षा दोनों का विशेष ध्यान रखा है। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के ठहरने के लिए रैन बसेरों की मुस्तैद व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, किसी भी आपातकालीन स्वास्थ्य स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक केंद्र अधीक्षक को प्राथमिक चिकित्सा किट और जरूरी दवाइयां वितरित की गई हैं। सुरक्षा के मोर्चे पर पुलिस की सभी खुफिया और तकनीकी एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि इंटरनेट मीडिया या अन्य माध्यमों से कोई अफवाह न फैल सके। बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी के धार्मिक चिन्हों या प्रतीकों को न उतरवाया जाए, जिससे उनकी भावनाएं आहत न हों। हालांकि, सुरक्षा और शुचिता से कोई समझौता नहीं होगा और केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी पर विशेष बल दिया गया है।

### अभ्यर्थियों के लिए दी गई सख्त गाइडलाइन

परीक्षा केंद्र में प्रवेश को लेकर प्रशासन ने बेहद सख्त और स्पष्ट नियम जारी किए हैं। एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ केंद्र के भीतर ले जाने के लिए केवल तीन चीजें ही मान्य होंगी। परीक्षा का प्रवेश पत्र, पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, लिखने के लिए काला या नीला डॉट पेन इसके अतिरिक्त मोबाइल, घड़ी, बेल्ट, पर्स, डिजिटल गैजेट्स या कोई भी अन्य सामग्री केंद्र के भीतर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यदि कोई अभ्यर्थी वर्जित सामग्री के साथ पाया जाता है, तो उसे परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय से केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है।

### धार्मिक प्रतीकों पर संवेदनशीलता, लेकिन चेकिंग होगी बेहद सघन

प्रशासन ने परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण नीतिगत फैसला लिया है। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि चेकिंग के दौरान किसी भी अभ्यर्थी के धार्मिक चिन्हों, प्रतीकों, पवित्र धागों या हिजाब या पगड़ी आदि को जबरन न उतरवाया जाए। सभी कर्मियों को अभ्यर्थियों के साथ शालीनता से पेश आने को कहा गया है। हालांकि, नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए जीरो टालरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इसके तहत आधुनिक उपकरणों और मेटल डिटेक्टर की मदद से अभ्यर्थियों की सघन और बारीक तलाशी ली जाएगी।

### खुफिया विभाग अलर्ट, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

इस बड़ी परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न विशेष विंग, एलआईयू और साइबर सेल को पूरी तरह मुस्तैद कर दिया गया है। डीएम एसएसपी ने चेतावनी दी है कि परीक्षा के दौरान पेपर लीक, साल्वर गैंग व परीक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी तरह की भ्रामक अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म्स पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के झांसे या अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### जिले में इन 15 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा शहर के गिंदो देवी महिला महाविद्यालय, राजकीय कन्या इंटर कालेज, केदारनाथ महिला इण्टर कालेज, मदन लाल इंटर कालेज बिसौली, एनएमएसएन दास कालेज, नगर पालिका कन्या इंटर कालेज और पार्वती आर्य कन्या इण्टर कालेज में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त जीआईसी राजकीय इण्टर कालेज, जीजीआईसी राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजाराम महिला इण्टर कालेज, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज (ब्लाक ए व बी) तथा सिगलर गर्ल्स इण्टर कालेज को भी केंद्र बनाया गया है। शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।

## पुलिस भर्ती :अभ्यर्थियों के लिए बरेली से मथुरा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पहली पाली : सुबह 10 से 12 बजे तक
दूसरी पाली : दोपहर 3 से 5 बजे तक

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने जाने वाले जिले के युवाओं के लिए भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एक बड़ा फैसला लिया है। इज्जतनगर मंडल द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बरेली से मथुरा के बीच तीन दिनों तक एक स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। बदायूं स्टेशन पर दोनों तरफ से रुकने वाली यह ट्रेन 8, 9 और 10 जून को चलेगी।

जिले के अभ्यर्थियों के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन बेहद मददगार साबित होगी। गाड़ी संख्या 05309 बरेली से सुबह 04:00 बजे चलकर ठीक 04:48 बजे बदायूं स्टेशन पहुंचेगी। यहां से दो मिनट बाद छूटकर यह उझानी 05:00 बजे, सोरों 05:32 बजे, कासगंज 06:10 बजे, सिकंदरा राव 06:36 बजे, हाथरस सिटी 07:17 बजे और मथुरा छावनी होते हुए सुबह 08:45 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचाएगी। वहीं, परीक्षा खत्म होने के बाद मथुरा जंक्शन से दोपहर 13:10 बजे चलने वाली वापसी की ट्रेन (05310) मथुरा छावनी, हाथरस, सिकंदरा राव, कासगंज और सोरों के रास्ते शाम 16:17 बजे उझानी पहुंचेगी, जहां से छूटकर यह शाम 16:35 बजे बदायूं स्टेशन आएगी और यहां से परीक्षार्थियों को लेकर 17:50 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी। बदायूं के स्थानीय छात्रों को इस ट्रेन के चलने से कासगंज, हाथरस और मथुरा की तरफ बने परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने में सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे वे बसों की भारी भीड़ से बचकर बिना किसी मानसिक तनाव के समय पर अपनी परीक्षा दे सकेंगे।

# भारत ने जीता अंडर-18 एशिया कप हॉकी खिताब




**काकामिगाहारा**

भारत ने अंडर-18 हॉकी पुरुष एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारत के सामने डिफेंडिंग चैंपियन जापान की चुनौती थी। इस टूर्नामेंट में जापान की टीम अभी तक अजेय थी। उसने पूल राउंड में भारत को भी हराया था। टीम इंडिया ने कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज हॉकी स्टेडियम में मेजबानों को कोई मौका नहीं दिया और 4-1 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही भारत टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे सफल देश बन गया है। टीम की यह तीसरी ट्रॉफी है। पाकिस्तान ने दो बार खिताब जीता है। मलेशिया को सेमीफाइनल में 8-1 से हराने वाली जापानी टीम फाइनल में कमाल नहीं कर पाई। मैच के दूसरे ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। आशीष तानी पूर्ति ने इसपर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर के अंत में 28वें मिनट में आशीष ने भारत की तरफ से दूसरा गोल किया। 30वें मिनट में केतन कुशवाहा ने फील्ड गोल करके अंतर 3- 0 कर दिया।

### जापान को 4-1 से हराया

# महिला हॉकी टीम को कांस्य



**भोपाल**

जापान में आयोजित महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक मुकाबले में भारत ने कोरिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय टीम की इस सफलता में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की चार खिलाड़ियों महक परिहार, स्नेहा दावड़े, नम्मी गीताश्री और नौशीन नाज ने अहम भूमिका निभाई। मप्र की होनहार खिलाड़ी नौशीन नाज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम के लिए 12 गोल दागे।

### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम को कांस्य पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि देश और मध्यप्रदेश दोनों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की खिलाड़ियों की सराहना की।

# शुभमन गिल के शतक से भारत ने खड़ा किया 564 रन का विशाल स्कोर, अफगानिस्तान पर बनाया दबाव

## कप्तान गिल ने खेली 126 रन की कप्तानी पारी, अफगान गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने झटके 6 विकेट

**न्यू चंडीगढ़**

भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 564 रन पर 8 विकेट के स्कोर पर घोषित कर दी। कप्तान शुभमन गिल के शानदार शतक, ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी और निचले क्रम के उपयोगी योगदान की बदौलत भारत ने विशाल स्कोर खड़ा किया। हालांकि अफगानिस्तान के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजों को चुनौती दी।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम को शुरूआती झटका लग चुका है। दूसरे दिन चाय तक अफगानिस्तान ने एक विकेट के नुकसान पर 28 रन बना लिए थे। भारतीय टीम इस मुकाबले में मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है और शुरूआती बढ़त हासिल करने की ओर बढ़ रही है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शानदार लय में दिखाई दिए। उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। पंत दूसरे दिन अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में कैच आउट हो गए। हालांकि शतक से चूकने के बावजूद उनकी पारी ने भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम योगदान दिया।




### कप्तान शुभमन गिल ने खेली जिम्मेदार पारी

पहले दिन 103 रन बनाकर नाबाद लौटे भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे दिन भी शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए 126 रन की कप्तानी पारी खेली। गिल ने अपनी पारी के दौरान अफगान गेंदबाजों को लंबे समय तक हावी नहीं होने दिया। उनकी बल्लेबाजी ने भारतीय पारी को मजबूत आधार प्रदान किया और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिल और ऋषभ पंत के बीच चौथे विकेट के लिए 169 रन की बड़ी साझेदारी भी हुई, जिसने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

मध्यक्रम और निचले क्रम में वाशिंगटन सुंदर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 52 रन बनाकर टीम के स्कोर को 500 के पार पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुंदर ने परिस्थितियों के अनुसार बल्लेबाजी करते हुए संयम और आक्रामकता दोनों का परिचय दिया। जब भारतीय टीम ने पारी घोषित की, तब वह क्रीज पर नाबाद मौजूद थे। उनकी यह पारी भारत की मजबूत बढ़त सुनिश्चित करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गेंदबाजी से पहले बल्ले से भी प्रभाव छोड़ा। उन्होंने केवल 12 गेंदों में 22 रन की तेजतर्रार पारी खेली। सिराज ने अफगानिस्तान के पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर नंगयालिया खारोटे के एक ओवर में एक चौका और दो शानदार छक्के जड़े। हालांकि बाद में मोहम्मद सलीम ने उन्हें आउट कर दिया, लेकिन तब तक वह टीम के स्कोर में बहुमूल्य रन जोड़ चुके थे।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया, लॉर्ड्स टेस्ट में दर्ज की शानदार जीत




### एटकिंसन बने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी चुनौती

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन इस मैच के सबसे बड़े नायक साबित हुए। उन्होंने दूसरी पारी में घातक गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर 5 विकेट झटके। एटकिंसन ने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को पूरी तरह झकझोर दिया। उनकी गति, स्विंग और सटीक लाइन ने बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया।

**लंदन**

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 115 रन से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में विजयी शुरूआत की है। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में इंग्लैंड ने चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को समेटते हुए शानदार जीत दर्ज कर ली। जीत के लिए 254 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में केवल 138 रन पर सिमट गई। लॉर्ड्स की पिच ने एक बार फिर तेज गेंदबाजों को भरपूर मदद दी। अनियमित उछाल और गेंद की मूवमेंट ने बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इन परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया और न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को टिकने का मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन अपने स्कोर 55 रन पर 5 विकेट से आगे खेलना शुरू किया। टीम को जीत के लिए अभी भी काफी रन बनाने थे और उसके कई प्रमुख बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। इंग्लैंड के गेंदबाज शुरूआत से ही आक्रामक नजर आए। सुबह का सत्र शुरू होते ही उन्होंने न्यूजीलैंड पर दबाव बना दिया और विकेटों का सिलसिला जारी रखा। न्यूजीलैंड की उम्मीदें शुरूआती सत्र में ही लगभग समाप्त हो गईं जब उसके निचले क्रम के बल्लेबाज भी इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते दिखाई दिए। दिन की शुरूआत इंग्लैंड के लिए शानदार रही।

# 19 साल की मीरा एंड्रीवा ने जीता फ्रेंच ओपन का खिताब

## रूसी खिलाड़ी मीरा ने चवासिनस्का को हराया

**पेरिस**



मीरा एंड्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 के महिला सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। फाइनल में मीरा की भिड़ंत माजा चवासिनस्का से थी। रूसी खिलाड़ी मिरा एंड्री का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिलाड़ी है। उन्होंने पोलैंड की चवासिनस्का को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया। यह मुकाबला करीब डेढ घंटे चला। 19 साल की एंड्रीवा का यह पहला ही ग्रैंड स्लैम फाइनल था।

# भारत ने छठी बार जीती सैफ महिला चैंपियनशिप

### फाइनल में बांग्लादेश को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण एशिया की चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारत की ओर से प्यारी जाक्सा (42वां मिनट), सैनफिदा नोंगरुम (46वां मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (82वां मिनट) ने गोल किए। वहीं, बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोरना चकमा ने दागा। मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए। कई मौकों के बाद 42वें मिनट में प्यारी ज़ाक्सा ने शानदार गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, पहले हाफ के अतिरिक्त समय में बांग्लादेश की रितु पोरना चकमा ने बेहतरीन गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।




### सात साल बाद फिर बना चैंपियन

भारत ने सैफ महिला चैंपियनशिप का पिछला खिताब 2019 में जीता था। इसके बाद 2022 और 2024 में बांग्लादेश ने ट्रॉफी अपने नाम की थी। इस बार भारतीय टीम ने दमदार वापसी करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया।

# प्रज्ञानानंदा नॉर्वे चेस खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

## फाइनल राउंड में जर्मनी के विन्सेंट को हराया



**नई दिल्ली**

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इतिहास रचते हुए नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीत लिया है। 20 साल के प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। फाइनल राउंड में उन्होंने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराया। आखिरी दिन प्रज्ञानानंदा 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने क्लासिकल मुकाबला जीतकर 3 अंक हासिल किए और कुल 18 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रज्ञानानंदा की तारीफ की। उन्होंने लिखा, प्रज्ञानानंदा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई। यह वास्तव में एक असाधारण उपलब्धि है जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता को दर्शाती है। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।पीएम ने इसे भारतीय खेल इतिहास की बड़ी उपलब्धि बताया। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, आर प्रज्ञानानंदा को नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनने पर बधाई। आपने पूरे समर्पण, शानदार चाल और रणनीतिक सोच से देश का गौरव बढ़ाया है। उम्मीद है कि आप और खिताब जीतकर युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे।

**कार्लसन पांचवें स्थान पर रहे :** फ्रांस के अलीरजा फिरोजा 15 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आखिरी दौर में मैग्नस कार्लसन ने गुकेश को हराया, लेकिन वह भी खिताब नहीं जीत सके। कार्लसन 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर रहे। नॉर्वे चेस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 7 बार मैग्नस कार्लसन ने जीता। 2025 में भी वही चैंपियन थे। टूर्नामेंट के आखिरी राउंड में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो 15 .5 अंकों के साथ टॉप पर थे।

# भोपाल डिस्ट्रिक्ट ने जीता बास्केटबॉल स्पर्धा का खिताब

**भोपाल**

भोपाल डिस्ट्रिक्ट ने पांचवें सुपर 12 बास्केटबॉल टूर्नामेंट में बालक वर्ग का ख़िताब जीत लिया। सेज यूनिवर्सिटी उपविजेता बनी तथा भोपाल कारपोरेशन टीम तीसरे स्थान पर रही। जूनियर इंटरनेशनल रोहन सेजवाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुना गया। स्पर्धा आगा क्लब बास्केटबॉल कोर्ट पिपलानी ए सेक्टर में संपन्न हुई। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि निर्मल बोवाड़े थे। इस अवसर पर विश्वामित्र अवार्डी कोच मुख़्तयार सिंह, नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर प्रमोद अवस्थी, कुमेल अब्बास, सुनीता नौटियाल, यशवंत कुशवाहा, कैलाश कटरवारा, एमडी गोडबोले मौजूद थे। भोपाल डिस्ट्रिक्ट टीम मध्यान्तर तक 32-28 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर में 24 पॉइंट बनाकर भोपाल डिस्ट्रिक्ट ने मैच पर अपनी पकड़ मज़बूत की।



# आर्म रेसलिंग में खिलाड़ियों ने दिखाई ताकत

**भोपाल**

आर्म रेसलिंग एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता 5 जून से 8 जून तक आयोजित की जा रही है।

डॉ. आनंद प्रसाद शर्मा (सचिव, आर्म रेसलिंग एसोसिएशन मध्य प्रदेश) ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 12 राज्यों के लगभग 250 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी राज्यों में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, मणिपुर, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं बिहार शामिल हैं। यहां पर सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, मास्टर एवं दिव्यांग वर्गों की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।



### रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी भूपेन समेत 24 डोप टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोप टेस्ट में विफल होने के कारण कई खिलाड़ियों को अस्थायी रूप से निलंबित किया है। इनमें क्रिकेटर भूपेन लालवानी के साथ ही भारोत्तोलक अजित नारायण और पहलवान साहिल जगलान शामिल हैं। भूपेन मुंबई के अलावा छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। 27 साल के बल्लेबाज ने अपने करियर में अभी तक 25 फर्स्ट क्लास मैचों के अलावा 3 लिस्ट ए और दो टी20 मैच खेले हैं। फर्स्ट क्लास मैच में उनके नाम दो शतक की मदद से 1141 रन हैं। 2020 में लालवानी ने रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया था। वह 2023-24 रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई टीम का हिस्सा भी थे। वह टरब्यूटालीन के लिए पॉजिटिव पाए गए जिसका इस्तेमाल आमतौर पर अस्थमा के इलाज में ब्रोंकोडायलेटर के तौर पर किया जाता है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।